नई सोच, नया आयाम

जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 189 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 (4+4)

धरमजयगढ़, सोमवार 16 मई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

पेज -3 पर

अभिव्यक्ति की आजादी के लिये आज भाजपा का जेल भरो अभियान

शुभम ने किया सरस्वती शिशु मंदिर का नाम रोशन

पेज -8 पर

एक नजर

महिला ने खत्म कर दिया परिवार

पति के सिर पर मारा हथौड़ा,दोनों बच्चों का गला दुपट्टे से दबाया और खुद लगा ली फांसी

रायपुर। रायपुर से लगे तिल्दा में हुए कारोबारी परिवार की हत्या और खुदकुशी मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। तिल्दा पुलिस के मुताबिक अपने परिवार को खत्म करने के पीछे कारोबारी की पत्नी का हाथ रहा। अपने गुस्सैल स्वभाव की वजह से एक मां हत्यारी बन गई। अपने दोनों छोटे बच्चों का गला दबाकर जान ले ली और पति को भी हथोड़ा मारकर उसकी हत्या कर दी। फिर उसने खुद खुदकुशी कर ली है।

मामले की जांच में जुटी तिल्दा पुलिस को परिवार से की गई पूछताछ और शॉर्ट पीएम रिपोर्ट के जरिए कई अहम जानकारियां मिली हैं। तिल्दा पुलिस के मुताबिक शॉर्ट पीएम में यह बात साबित हुई है कि महिला रुचि जैन की मौत, पति पंकज और बच्चों, बिट्टू (11 साल की बेटी) भय्यू (8 साल का बेटा)की मौत के बाद हुई।

रुचि के शव की जांच से यह बात साबित हुआ है कि उसकी हत्या नहीं की गई बल्कि उसने खुद फांसी लगाकर जान दी है। महिला के पति के सिर पर आई गहरी चोट और बच्चों के गले पर पड़े दबाव की जांच में यह तथ्य सामने आए हैं कि इन तीनों की हत्या की गई है।

रिजल्ट के बाद जिंदा जल गई 12वीं की छात्रा:टॉयलेट के लिए गई थी, तभी पैरावट में लगी आग

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में 12वीं की छात्रा की जिंदा जलने से मौत हो गई। वह टॉयलेट के लिए गई थी, इसी दौरान वहां पड़े पैरावट में अचानक आग लग गई। इसके चलते छात्रा को बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला।

स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला खमरिया थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम दरी निवासी खिलेश्वरी यादव (18) पुत्री सुखचंद यादव 12वीं की छात्रा थी। शनिवार को रिजल्ट आया तो वह पास हो गई थी। इसके बाद घर में सभी लोग काफी खुश थे। इसी बीच दोपहर करीब 3 बजे खिलेश्वरी टॉयलेट के लिए गई। टॉयलेट के पास ही पैरावट और लकड़ी का ढेर लगा हुआ था। खिलेश्वरी टॉयलेट में थी, तभी अचानक पैरावट में आग लग गई।



बाहर निकलने का मौका नहीं मिला

आग इतनी तेजी से फैली की खिलेश्वरी को टॉयलेट से निकलने का मौका ही नहीं मिला। अंदर ही आग ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। जब तक दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया, खिलेश्वरी की झुलसने से मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

बेजा कब्जाधारी ठेंगा दिखा रहा स्थानीय प्रशासन को

रातो रात बेजा कब्जाकर दुकान एवं मकान बना रहे

बेजा कब्जा धारियों पर स्थानीय प्रशासन की मौन स्वीकृति

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में बेजा करने वालों की बाढ़ सी आ गयी है। बेश कीमती शासकीय जमीन पर खुलकर बेजाकब्जाधारियों ने कब्जा कर रहे हैं, और स्थानीय प्रशासन आंख मुंदकर तमाशा देख रहे हैं। बेजा कब्जाधारियों की शिकायत करने पर एसडीएम तहसीलदार इन बेजा कब्जाधारियों पर कोई कार्यवाही नहीं करते हैं, जिसका नतीजा है कि सिविल जज के लिए आबंटित भूमि पर बेजा कब्जाधारियों ने पूरी तरह से बेजा कब्जा कर लिया है। हां हम आपको बता दे कि एसडीएम कार्यालय से 100 मीटर से भी कम दूरी पर बेजा कब्जाधारियों ने खुलेआम बेजा कब्जा कर रहे हैं। ये बेजा कब्जा पूरे नगर वासियों को दिखाई दे रहा है, सिर्फ स्थानीय प्रशासन को दिखाई नहीं दे रहा है। मजेदार बात है कि मिशन पतरापारा ऊर्सुलाइन इंग्लिस मीडियम स्कूल के पास किसी के द्वारा बेजा कब्जाकर मकान बना रहा था, स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया था। लेकिन बेजा कब्जाधारियों द्वारा तहसीलदार के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए रातों रात मकान बना दिया जा रहा है। बेजा कब्जाधारियों पर तहसीलदार एसडीएम द्वारा कार्यवाही नहीं करने के कारण बेजा कब्जाधारियों के हौसला बुलंद होता जा रहा है। मजेदार बात है कि धरमजयगढ़ तहसील कार्यालय में ऐसे कई बेजा कब्जा का मामला है जो बेदखली के आदेश होने के बाद भी बेदखल नहीं किया गया है सिर्फ बेदखल का आदेश ही हुआ है। अब आप सोच सकते हैं कि बेदखल आदेश होने के बाद भी बेदखली की कार्यवाही क्यों नहीं हुआ। इससे तो साफ नजर आ रहा है कि दाल में काला नहीं पूरी की पूरी दाल ही काला है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

बस्तर में जेल भरो आंदोलन में जुटेंगे 5 हजार कार्यकर्ता

आज पूरे प्रदेश में बीजेपा का प्रदर्शन; जुलूस, धरना पर नई गाइलाइन का करेंगे विरोध

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में रैली, जुलूस, धरना, आंदोलन जैसे कार्यक्रमों में सरकार की नई गाइडलाइन का भाजपाई विरोध कर रहे हैं। इन आयोजनों में लगाई गई पाबंदियों के विरोध में भाजपा के कार्यकर्ता सोमवार को प्रदेश व्यापी जेल भरो आंदोलन करेंगे।

बस्तर के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में करीब 5 हजार कार्यकर्ताओं के जुटने की संभावना जताई जा रही है। जिन्हें रोकने जिला और पुलिस प्रशासन की टीम भी अपनी योजना बना चुकी है। स्छरूदिनेश नाग ने बताया कि, रणनीति गोपनीय है। अभी नहीं बता सकते।

जगदलपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता संजय पांडेय ने बताया कि जेल भरो आंदोलन में शामिल होने गांव–गांव से करीब 5 हजार कार्यकर्ता पहुंचेंगे। हमें मालूम है कि कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रशासन भरसक प्रयास करेगी। लेकिन फिर भी कार्यकर्ता जगदलपुर पहुंचेंगे और जेल भरो आंदोलन में शामिल होंगे। भाजपा के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट का भी घेराव करेंगे।

संजय ने कहा कि लोकतंत्र में धरना देने का प्रदर्शन करने का अधिकार है उसे खत्म करने की कोशिश किया जा रहा है। हम पिछले 3 सालों से विपक्ष में रहते हुए कई बार धरना प्रदर्शन किए । कई बार लिखित में अनुमति भी मांगी गई थी, लेकिन नहीं मिली। लोकतंत्र के इस हिस्से को खत्म करने की कोशिश की जा रही है।

टोनही के शक में पड़ोसी को मारकर जला दिया

पत्नी बीमार रहती थी तो विधवा पर हुआ शक, डंडे से मारा, फिर लगा दी आग

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के कवर्धा में 4 दिन पहले हुई महिला की हत्या मामले में पुलिस ने उसके ही पड़ोसी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को शक था कि विधवा महिला जादू–टोना करती है। इसके चलते उसकी पत्नी बीमार रहती है। इसी शक में वह देर रात को महिला के निर्माणाधीन मकान में घुस गया। बरामदे में सो रही महिला के सिर पर डंडे से वार कर किया और फिर चारपाई में आग लगा कर जला दिया। मामला कुकदूर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम दैहानटोना निवासी सखीना मेरावी (45) का 10 मई को 100 फीसदी जली हुई हालत में शव मिला था। आसपास के लोगों ने मकान से आग की लपटें निकलती देखी तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड पहुंची तो दरवाजा बाहर से बंद था। आग पर काबू होने के बाद पुलिस अंदर घुसी तो देखा कि सारा सामान जलकर राख हो चुका था। वहीं बरामदे में महिला का शव पड़ा था। वह अकेले ही रहती थी। जांच के दौरान पता चला कि महिला के सिर पर डंडे से वार कर उसकी हत्या की गई है। इसके बाद शव को जलाया गया।

356 लोगों से 5 करोड़ की ठगी, 2 गिरफ्तार

पैसा डबल करने का लालच देकर लिए पैसे, फिर दफ्तर बंद कर हुए थे फरार

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद छत्तीसगढ़ में चिटफंड कंपनियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जा री है। अब राजनांदगांव के 356 लोगों को करीब 5 करोड़ का चूना लगाने वाले आदर्श क्रेडिट को–ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के 2 डायरेक्टरों को राजस्थान से पकड़कर छत्तीसगढ़ लाया गया है। दोनों आरोपियों को राजनांदगांव के कोर्ट में पेश किया जाएगा। फिलहाल इनसे पूछताछ की जा रही है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, राजनांदगांव के वार्ड नंबर 23 के रहने वाले संदीप सिंह भदौरिया ने 4 जून 2021 को उनके साथ हुए फ्रॉड की जानकारी पुलिस को दी थी। संदीप ने पुलिस को बताया था कि, कामठी लाइन खंडेलवाल होटल के पास स्थित आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के डायरेक्टर मुकेश मोदी (62) और राहुल मोदी (36) ने पैसे डबल करने का लालच दिया। फिर 1.72 लाख रुपए इन्वेस्ट करवाए। कुछ दिनों में पैसे डबल होने की बात कही गई। जब दफ्तर पहुंचा तो पता चला कि कंपनी का ऑफिस बंद हो गया है। डॉयरेक्टर को फोन लगाने पर रिसीव नहीं किए। इससे उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इसी प्रकार से जिले के अन्य लोगों को भी ठगा गया था। जांच में पुलिस को दोनों आरोपियों के बारे में राजस्थान में होने के बारे में पता चला। जब छत्तीसगढ़ पुलिस राजस्थान पहुंचीं तो जानकारी मिली कि दोनों के खिलाफ स्टेट के कई थानों में 150 से ज्यादा अपराध दर्ज हैं। दोनों आरोपी जेल में बंद हैं। जयपुर, जोधपुर, भरतपुर, बाड़मेर के जेल में पता करने पर पता चलता था कि कुछ दिन पहले इन जेलों से सिरोही के जेल में इन्हें भेज दिया गया है। जहां से दोनों आरोपियों को पकड़कर छत्तीसगढ़ लाया गया है। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है।

मूलभूत सुविधाओं सहित सभी क्षेत्रों में हो रहा विकास- राजस्व मंत्री

रायपुर। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री और गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के प्रभारी मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज गौरेला और पेंड्रा नगर पंचायत के बांधामुडा तालाब परिसर और शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा ,मल्टीपरपज स्कूल परिसर में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन सामारोह में गौरेला और पेंड्रा नगरवासियों को 219.99 लाख रूपए के विकास कार्यो की सौगात दी। उन्होंने नगर पंचायत पेंड्रा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया।

हंगामा... कांग्रेस पार्षद बोले-मुझे बदनाम करने कांग्रेसी फैला रहे झूठी जानकारी

शौचालय में सफाई नहीं होने पर लोगों का हंगामा, जमकर की नारेबाजी

रायपुर। रविवार को शहर के एक इलाके में लोगों ने हंगामा कर दिया। लोगों ने दावा किया कि उनके मोहल्ले के सार्वजनिक शौचालय में सफाई नहीं होती। पानी तक नहीं आता। सुबह 4 बजे से लोगों को परेशानी होती है।

मगर कोई मदद नहीं मिलती। लोगों ने ये भी कहा कि महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कत होती है। लोगों ने शौचालय के बाहर जमा होकर नारेबाजी भी की।

देखते ही देखते मोहल्ले में बवाल शुरू हो गया। ये पूरा विवाद रायपुर के वीरांगना अवंति बाई वार्ड नंबर 6 का था। त्रिमूर्ती नगर में रहने वाले स्थानीय लोगों ने एक वीडियो जारी करते हुए मीडिया में दावा किया कि उनके इलाके के शौचालय में तो 1 से 2 सप्ताह से लगातार पानी की समस्या बनी हुई है। इससे मोहल्ले के बुजुर्ग, महिला एवं पुरुष सभी परेशान हैं। लोगों ने कहा कि पार्षद को सूचना देने के बाद भी निराकरण व समाधान नहीं होता है। लोगों ने पार्षद पर निष्क्रियता के आरोप लगा दिए।

जिस मोहल्ले के लोगों ने बवाल किया वहां कांग्रेस के पार्षद अंजनी राधेश्याम विभार हैं। पार्षद ने कहा कि लोगों से जानकारी मिलते ही शौचालय की समस्या दूर की जा चुकी है। टैंकर का भी बंदोबस्त किया गया है। शौचालय के बाहर भीड़ कांग्रेस के ही कार्यकर्ताओं ने जमा की। जानबूझकर ये बात फैलाई जा रही है। हमारे अच्छे कामों को दबाने की कोशिश है। हमने क्षेत्र में लोगों के पानी की समस्या को दूर करने सबसे अधिक काम करवाए हैं। पार्षद ने दावा किया कि इलाके में 1 करोड़ से अधिक के कार्य सिर्फ पानी के लिए करवाए गए हैं। मुझे बदनाम करने के लिए ये हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

कांग्रेस के चिंतन शिविर में मिले सीएम बघेल–सिंहदेव

सम्मेलन हॉल के बाहर खड़े-खड़े करते रहे चर्चा, किसी फैसले पर पहुंचेगी पार्टी

रायपुर। राजस्थान के उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के नव संकल्प और चिंतन शिविर का रविवार अंतिम दिन है। सुबह सम्मेलन हॉल के बाहर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की मुलाकात हुई। दोनों नेता वहीं खड़े–खड़े थोड़ी देर तक बात करते रहे। फिर शिविर की चर्चा में भाग लेने चले गए। बताया जा रहा है, दोनों नेताओं को अलग–अलग ठहराया गया है। वहीं चर्चा के लिए उनके समूह भी अलग–अलग हैं, ऐसे में उनकी लगातार मुलाकात नहीं हो पा रही है। छत्तीसगढ़ से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के अलावा गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, विधायक विकास उपाध्याय सहित कई लोग उदयपुर के चिंतन शिविर में पहुंचे हुए हैं।

बताया गया है कि कांग्रेस ने इस शिविर के लिए विभिन्न विषयों पर जो 6 समन्वय समितियां बनाई थीं, उसकी रिपोर्ट पर चर्चा के बाद कांग्रेस रविवार को एक अंतिम निर्णय पर पहुंचेगी। इस शिविर के बाद संगठन में सतह से शीर्ष तक की दिशा तय की जाएगी। संगठन इस दिशा में कितना चलता है और चलकर कितनी कामयाबी हासिल करता है यह तो आने वाला समय ही बताएगा। फिलहाल तो प्रदेश संगठन और आम कार्यकर्ता इस शिविर को बड़ी उम्मीदों के साथ देख रहा है।

समग्र कल्याण के लिए बहुत उपयोगी है महात्मा बुद्ध के जीवन का स्मरण

महात्मा बुद्ध बिना जांचे-परखे अपनी ही बताई राह पर चलने के आग्रही नहीं थे।आत्म दीपो भव का, ज्यादा व्यवहारिक-वैज्ञानिक और नैतिक राह था उनका गृहस्थ-संन्यास के निवृत्ति- प्रवृत्ति के अतिरेक से बचने की राह। इस मध्य मार्ग पर अपना विचार प्रकट करते हुए आचार्य हजारी द्विवेदी बताते है कि-
तृष्णा और कामना सब दुखों का मूल हैं।
इस तृष्णा से निवृति तभी मिल सकती है जब तृष्णा का क्षय हो जाए।

इन्द्रिय निग्रह से, ध्यान से, वैराग्य से शीलयुक्त आचरण से सब प्राणियों के प्रति मैत्री भावना से इस उद्देश्य की सिद्धि संभव है। बौद्ध धर्म के आचार्य नागसेन ने मिलिंद(मिनांडर) के साथ बातचीत में उसके प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया है कि-

गृहस्थ जीवन में निर्वाण प्राप्त करना एकदम असम्भव नहीं है।

जय-पराजय की भावना

महात्मा बुद्ध की मान्यता है कि जय-पराजय की भावना ही हमारे सुख- दु:ख कारण है। जय की भावना से वैर जन्म लेता है। पराजय की भावना से दु:ख उत्पन्न होता है। इसके विपरीत मैत्री की भावना के महत्व को बताते हुए उन्होंने मैत्री भाव सूत में कहा है कि-

प्रणय की जितनी क्रियाएं हैं वे सब मिलकर मैत्री की सोलहवीं कला के बराबर नहीं होती। उनका आग्रह- अहिंसा, परोपकार की भावना और प्राणियों के प्रति दया भाव जैसे भारतीय गौरव मूल्यों के प्रति आमजन को संवेदनशील बनाना रहा है। सद्धर्म पुण्डरीक में इस लोकधर्म के बारे में कहा गया है कि- तथागत के जितने अनुयायी हैं, उन सब में वह व्यक्ति जिसने आत्मसंयम के साथ इस सूत्र को मन में धारण कर लिया है, वही धर्म की धुरी धारण करने वालों में सबसे अगुवा समझा जाएगा। एक बार जब कृतसंकल्प हुए तब चित को पीछे मत लौटना एवं श्रेष्ठ समयक् ज्ञान की ओर आगे बढ़ते रहना।

बुद्ध पूर्णिमा का विशेष महत्व

बुद्ध पूर्णिमा का महात्मा बुद्ध के जीवन खास महत्व है। पूर्णिमा के दिन ही वैशाख पूर्णिमा के दिन जन्म, ज्ञान और महापरिनिर्वाण का संयोग भी उनके जीवन में पूर्णिमा के दिन ही घटित हुआ। गया में

महात्मा बुद्ध बिना जांचे- परखे अपनी ही बताई राह पर चलने के आग्रही नहीं थे। आत्म दीपो भव का- ज्यादा व्यवहारिक-वैज्ञानिक और नैतिक राह था उनका गृहस्थ-संन्यास के निवृत्ति- प्रवृत्ति के अतिरेक से बचने की राह। इस मध्य मार्ग पर अपना विचार प्रकट करते हुए आचार्य हजारी द्विवेदी बताते है कि- तृष्णा और कामना सब दुखों का मूल हैं।

बोधि वृक्ष के नीचे छ: साल तक घोर तपस्या के बाद ज्ञान की प्राप्ति, काशी के इसीपत्तनम (सारनाथ) में अपने शिष्यों को धर्मोपदेश के बाद शिक्षा और धर्मप्रचार का यह सिलसिला लगभग 45 साल तक (चातुर्मास को छोड़कर) अनथक-अनवरत चलता रहा।

इसके बाद कठिन मेहनत से जीर्ण-शीर्ण काया कुशीनगर में पूर्णिमा के दिन ही 80 वर्ष की आयु में महापरिनिर्वाण की यात्रा पर निकल गई। सारनाथ में प्राच्य संस्कृति परिषद के चतुर्थ अधिवेशन को संबोधित करते हुए आचार्य हजारी प्रसाद कहते है- बुद्धदेव और महान बौद्ध धर्म ने हमारे देशों के बीच सांस्कृतिक सेतु का निर्माण किया है।

हम दीर्घ काल तक यूरोपीयन राजनीति के सर्वग्रासी शक्ति को काटकर फिर से मिलने के लिए एकत्र हुए हैं। हम अलग राष्ट्र हैं, हमारा अलग राष्ट्रीय व्यक्तित्व हैं, किंतु हमारी जनता की नाड़ी में एक ही तरह का रक्त बह रहा है। मनुष्य का जो कुछ उत्तम है, धर्म में आचरण में, भावना में, सौंदर्यबोध में उसका पूर्ण रूप संस्कृति है।

हम अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक सम्बन्धों को बहुत कम जानते हैं। जो कुछ जानते हैं वह अधूरे ज्ञान के आधार पर अधूरे विश्वास के साथ लिया गया है। इस समय और सावधानी के साथ इस काम को करना होगा। धर्म का आधार सत्य है। हमारी संस्कृति को अभिव्यक्ति का माध्यम।

एक जमाने तक दुनिया की लगभग दो तिहाई हिस्से को अपने प्रभाव में आवृत करने वाला बौद्ध धर्म- सत्य, अहिंसा-करुणा-मैत्री-अपरिग्रह-अस्तेय के आचरण के बदौलत टिका रहा। पर जब बौद्ध विहारों में बौद्ध भिक्षुओं के आचरण में शिथिलता आ गई, बौद्ध विहार बिना श्रम के महज दिखावे के ध्यान-साधना और विलासिता के केंद्र बनते गए। महान अशोक-कनिष्क और हर्ष का राजाश्रय समाप्त हो गया। बड़े-बड़े राजपरिवारों की स्त्रियों का बेरोकटोक प्रवेश बौद्ध विहारों में होने लगा। महात्मा बुद्ध के बनाए नैतिक नियमों को ताक पर रखकर वह सब कुछ किया जाने लगा जिससे परहेज की शिक्षा महात्मा बुद्ध ने दिया। तब महात्मा बुद्ध ने अपने प्रिय शिष्य आनंद को बताया कि-

अब यह धर्म पांच सौ साल से ज्यादा नहीं टिक पाएगा। एक ऐसा धर्म जिसने इस संसार में दु:ख से पीड़ित आम जनता को चार आर्य सत्यों के द्वारा मुक्ति के सर्वथा व्यवहारिक उपाय बताया। यह कि इस दुनिया में दु:ख है। इस दु:ख का कारण है। दु:ख का निरोध भी संभव हैं। दु:ख निवारण के उपाय भी हैं। महात्मा बुद्ध ने ज्ञान-इच्छा, क्रिया के इस त्रिपुटी जगत में दु:ख का मूल कारण मानवीय तृष्णाओं को बताया है। मनीषी कवि कालिदास ने अपनी रचना मेघदूत में यह उदघोष किया है कि- उत्तम मनुष्य की जितनी भी संपत्ति है उसका एकमात्र फल दुखियों का दु:ख दूर करना है।

मोहन सिंह

संपादकीय

अच्छी, बुरी और बेचैन करने वाली खबरें

मोदी सरकार की नीतियों के प्रभाव को प्रतिबिंबित करते हैं यह आंकड़े

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना को वर्ष 2025 में 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। 1925 में नागपुर में संघ स्थापना हुई थी। साल 2025 और ऋस्र के 100 सालन संघ समाज में केवल एक संगठन ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज है..! राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5) का आयोजन 2019-21 के दौरान किया गया था। इससे पहले एनएचएफएस-4 2015-16 के दौरान किया गया था। यानी ये दोनों अवधि तब की हैं, जबसे एनडीए सरकार सत्ता में है; इसलिए दोनों सर्वेक्षणों के दौरान हुए परिवर्तन 2014-15 तक लागू की गई नीतियों के साथ ही नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों के प्रभाव को प्रतिबिंबित करते हैं। पिछले सर्वेक्षण की तरह ही एनएफएचएस-5 के मुख्य संकेतक जनसंख्या और परिवारों की स्थिति, साक्षरता, विवाह, प्रजनन क्षमता, मातृत्व तथा बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, चिकित्सा उपचार की गुणवत्ता, रक्त अल्पता, महिलाओं का सशक्तीकरण और तंबाकू तथा शराब के उपयोग जैसे मुद्दों पर केंद्रित हैं। चूंकि सर्वेक्षणों में अपनाई गई कार्य प्रणाली समान थी, इसलिए आंकड़ों में आया बदलाव, जिसे सांख्यिकीविद डेल्टा कहते हैं, बहुत उपयोगी सबक देता है। कुछ बदलावों से हमें गर्व होगा, तो कुछ से हमें निराशा होगी और कुछ से संदेह उभरेंगे और सवाल उठेंगे। कुल प्रजनन दर 2.2 (बच्चे प्रति महिला) से गिरकर 2.0 रह गई है, यह सबसे बड़ी ब्रेकिंग न्यूज है। प्रतिस्थापन दर 2.1 है।

समकालीन विश्व में अर्थव्यवस्था और राजनीति के बीच की अमिट साठगांठ

गिरते रुपये का मतलब -एक-दूसरे पर निर्भर देश और वैश्विक कारोबार को प्रभावित करने वाले कारक हमारे समकालीन विश्व में अर्थव्यवस्था और राजनीति में अमिट साठगांठ है-दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जिस दर से आर्थिक प्रगति होती है, उसी दर से प्राकृतिक संसाधन सिकुड़ते हैं, उसी दर से पर्यावरण का दूषण होता है। और जलवायु परिवर्तन का जिन्न भी तो इसी आर्थिक दौड़ की आंधी से पैदा हुआ है। दूसरी ओर, पारिस्थितिकी और दर्शनशास्त्र जुड़वां पहलू हैं-दोनों प्राकृतिक विकास और सांस्कृतिक प्रगति के आधार हैं।

राष्ट्र की बौद्धिक एवं सांस्कृतिक शक्तियां वास्तव में उसके अपने मौलिक दर्शन में निहित होती हैं। संस्कृति की जड़ें एक भौगोलिक परिधि के पारिस्थितिक तंत्र में होती हैं। जब कोई राष्ट्र बौद्धिक और सांस्कृतिक शक्तियों को चुनता है, तो वह अपनी स्थिरता और प्रसन्नता का मार्ग चुनता है। ऐसे राष्ट्र को चलताऊ वर्गीकरण में अविकसित अथवा दरिद्र की श्रेणी में भले ही रख दिया जाता हो, लेकिन उसे संपन्नताओं भरे अपने पारिस्थितिक परिवेशों और सुख से भरे भविष्य पर गर्व होता है। भूटान ऐसे राष्ट्र का एक ज्वलंत उदाहरण है। भूटान के लोग के लिए सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता (ग्रॉस नेशनल हैपीनेस-जीएनएच) महत्व रखता है, न कि जीडीपी। अपनी भूमि पर 98 फीसदी वन के साथ दक्षिण अमेरिका का सूरीनाम एक स्वस्थ और जीवंत भविष्य सुरक्षित करने पर गर्व कर सकता है। वनों का



पारिस्थितिकी-उन्मुख दर्शन पर अर्थव्यवस्था-उन्मुख राजनीति का वर्चस्व हमारे समकालीन विश्व में व्याप्त सभी प्रकार के तनाव और रोग के मूल कारण हैं।

संरक्षण और विस्तार अल्पकालिक आर्थिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि प्रकाश संश्लेषण को चरम पर बनाए रखने के लिए है, जिसके माध्यम से सौर ऊर्जा जीवन में प्रवाहित होती है और जो जैव मंडल में जीवन प्रक्रियाओं को अक्षुण्ण रखता है और पृथ्वी पर मानव के साथ सभी थलचर और अधिकांश जलचरों को पोषित करता है।

राजनीतिक और आर्थिक कारणों से पृथ्वी के अधिकतर वन सफाचट कर दिए गए हैं। पृथ्वी हरियाली से हाथ मल रही है और प्रकाश संश्लेषण के चरमराने से पृथ्वी पर जीवन की कड़ियां टूट रही हैं। सांस्कृतिक विविधता उतनी ही विविध और समृद्ध है, जितनी प्रकृति की जैव विविधता। प्रत्येक देश मोटे तौर पर एक विशिष्ट संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है। विशिष्ट भौगोलिक संस्कृति एक ऐसी सभ्यता का भी प्रतिनिधित्व करती है, जिसकी अपनी गौरव गाथाएं रचने वाले नायक-नायिकाएं होते हैं। इनकी अद्भुत कहानियां होती हैं, अनूठा इतिहास होता है और अपनी एक स्थायी छाप होती है। कोई भी संस्कृति अपने अद्वितीय दर्शन से ही पोषित होती है। आयातित अथवा राजनीति द्वारा थोपा गया दर्शन मौलिक संस्कृति को प्रदूषित और विकृत करने का प्रयास करता है। पृथ्वी के कुछ भौगोलिक क्षेत्रों में प्राकृतिक जैव विविधता से रहित रेगिस्तान में हिंसक (अप) संस्कृतियों का जन्म भी हुआ है। हिंसा, आक्रामकता, निर्दयता, परजीवी प्रकृति, लूट-मार और असभ्य व्यवहार जैसे अवगुण इन संस्कृतियों की मुख्य विशेषताएं रही हैं। इन अपसंस्कृतियों ने मानव सभ्यता को बहुत घाव दिए हैं। मध्यकालीन विश्व ने सबसे बड़ा संकट इसलिए झेला, क्योंकि आस्था का चोला पहन कर जीवन-विरोधी संस्कृतियों ने दुनिया में कुत्सित और जीवन-विनाशक राजनीति फैलाई, इन्होंने दूसरों की हरी-भरी भूमियों पर लूट-मार की और उनके ज्ञान-विज्ञान पर आधारित साम्राज्यों और संस्कृतियों का विनाश किया। लेकिन हमारे समकालीन विश्व में, खासकर यूरोप और पश्चिम में, पारिस्थितिक मूल्य को स्थापित करने वाले राजनीतिक पैटर्न भी उभर रहे हैं, जिनका वैकल्पिक राजनीति के रूप में स्वागत किया जा रहा है।

वीर सिंह

मिला जुला

महगांई के कारण पेट्रोल नहीं भरा पाने से घूम-घूम कर चोरी करता था

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को बेमेतरा पुलिस के हत्थे एक ऐसा चोर चढ़ा है जो बेमेतरा जिले में घूम-घूम कर मोटरसाइकिल चोरी करता था और पेट्रोल खत्म हो जाने पर मोटरसाइकिल वहीं छोड़ दूसरी मोटरसायकिल चोरी करने की तलाश में निकल जाता था पेट्रोल

महंगा होने के कारण ऐसे वाहनों को बनाता था निशाना, जिस वाहन पर पेट्रोल फ्ल हो पूछताछ पर शातिर चोर राम खेलावन ने चौकादेने वालि बात कही कि पेट्रोल महंगा होने के कारण मोटर सायकल को चोरी करता था तब तक अपने पास रखता था जब तक उसमे पेट्रोल हो, जैसे ही पेट्रोल खत्म हो जाती तो दुसरे वाहन को चुरा लेता था। ऐसा वे लंबे समय से कर रहा था पुछताछ करने पर ग्राम खिलोरा, बेरला, खम्हरिया, साजा एवं अन्य स्थानों से मोटर सायकल चोरी करने के संबंध में बताया। शातिर चोर बेमेतरा जिले में कई दिनो से घुम-घुम कर चोरी के वारदातो को अंजाम दे रहा था जो 14 मई को पुलिस के हत्थे चढा पुछताछ पर राम खेलावन ने बताया कि महगांई के मार के कारण पेट्रोल नहीं भरा सकने से घुम.घुम कर चोरी करता था।

उपरोक्त आरोपी राम खेलावन साहू पिता लोमन साहू उम्र 30 साल ग्राम करामाल थाना बेरला जिला बेमेतरा।

कुल 09 नग मोटर सायकल अनुमानित कीमत 7,00,000 रूपये सात लाख रूपये आंकी गई

उपरोक्त आरोपी के विरूद्ध थाना बेमेतरा के अपक्रं 259/2022 धारा 379 भादवि थाना बेरला अप.क्रं.127/2022 धारा 379 भादवि एवं थाना खम्हरिया व साजा के अपराध तथा इस्तगासा क्रमांक 02/2022 धारा 41;1.4, जाफौ. 379,34 भादवि के तहत कार्यवाही की जा रही है। उक्त आरोपी से पुछताछ की जा रही है जिनसे और कई मोटर सायकल मिलने की संभावना है। उपरोक्त कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल व एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में प्रेम प्रकाश अवधिया थाना प्रभारी बेमेतरा, सउनि रेशमलाल भास्कर, सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले अवधेश सिंह ठाकुर, गोविंद क्षत्री, दिनेश मंडावी, आरक्षक इंद्रजीत पाण्डेय, विनोद पात्रे, राजेन्द्र जायसवाल, राजू धीवर एवं थानाध्चौकी के अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

तेलंगाना को बंगाल बनाना चाहते हैं केसीआर, अमित शाह का टीआरएस पर जोरदार हमला

हैदराबाद। तेलंगाना में बीजेपी रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने राज्य की टीआरएस सरकार पर जमकर हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि सीएम केसीआर तेलंगाना को पश्चिम बंगाल जैसा बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इसे तुरंत रोकना होगा। बीजेपी साईं गणेश की हत्या का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि हम सुनिश्चित करेंगे कि साईं गणेश को न्याय मिले और उसे हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि टीआरएस का चुनावी चिन्ह कार है। कार की स्टेयरिंग या तो मालिक के हाथ होती है या फिर ड्राइवर के हाथ में होती है लेकिन टीआरएस सरकार की स्टेयरिंग ओवैसी के हाथ में है।

बीजेपी कार्यकर्ताओं की हत्या का जिक्र करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि दिन दहाड़े राज्य में बीजेपी कार्यकर्ताओं की हत्या हो रही है और राज्य सरकार हाथ पर हाथ

धरकर बैठी है। उन्होंने कहा कि केसीआर तेलंगाना को पश्चिम बंगाल जैसा बनाना चाहते हैं, क्या आप इसकी इजाजत देंगे? अमित शाह ने कहा कि ओवैसी के डर से केसीआर ने धारा 370 का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि बीजेपी किसी से नहीं डरती। वो जब चाहें चुनाव करवा लें बीजेपी चुनाव के लिए बिलकुल तैयार है। केटी रामा राव का जिक्र कर अमित शाह ने कहा कि आपने कहा था कि सरपंच को अधिकार देंगे लेकिन आपने अपने बेटे को ताकत दी। उन्होंने आगे कहा- मैने जीवन में कई सरकारें देखी लेकिन इनती भ्रष्ट सरकार कभी नहीं देखी। उन्होंने तेलंगाना के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में टीआरएस की सरकार को राज्य से उखाड़ फेंके।

मानिक साहा ने त्रिपुरा के सीएम पद की ली शपथ

6 साल पहले कांग्रेस छोड़ बीजेपी में हुए थे शामिल

अगरतला (त्रिपुरा)। बीजेपी नेता बिपलव कुमार देव के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद आज त्रिपुरा बीजेपी के प्रमुख मानिक साहा मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. रविवार को अगरतला स्थित राजभवन में मानिक ने राज्य का जिम्मा बतौर सीएम संभाला. राज्य के नए मुख्यमंत्री के तौर पर चुने गए मानिक बीजेपी के राज्यसभा सांसद हैं. साथ ही त्रिपुरा बीजेपी के प्रमुख भी हैं, जहां अगले साल मार्च महीने विधानसभा चुनाव होना है।

बता दें कि ये कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले उत्तराखंड में भी

बीजेपी के साथ ऐसा हो चुका है. विधानसभा चुनाव से ठीक कुछ महीने पहले सीएम ने इस्तीफा दे दिया था. ऐसे में उत्तरपूर्वी राज्य जहां अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस कड़ी टक्कर देने को तैयार है, डेंटल सर्जरी के प्रोफेसर मानिक से पार्टी को बहुत उम्मीद है. पार्टी ने उन्हें मुख्यमंत्री पद का जिम्मा सौंपा ताकि वे पार्टी को मजबूती प्रदान करें, जिससे आने वाले चुनाव में बीजेपी की जीत हो.

इस्तीफा के कुछ ही घंटों बाद सामने आया नाम

राज्य के 11वें सीएम के रूप में शपथ लेने वाले 69 साल के मानिक साहा का नाम सीएम पद के दावेदार के लिए बिपलव कुमार देव के इस्तीफा देने के कुछ ही घंटों बाद सामने आया था. नाम के सामने आने के बाद विधायक मंडल की बैठक हुई, जिसमें सभी ने इस फैसले पर सहमति जताई. इधर, अचानक हुए इस सियासी उथल-पुथल ने लोगों को चौंका दिया है।

निजी स्कूल की मनमानी बालक-पालक विवश पता नहीं क्यों प्रशासन बेबस

पब्लिक स्कूल की मान्यता खतरे में

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले में निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर समय-समय पर छात्र व अभिभावक अपनी आवाज बुलंद कर शिकायत करते आ रहे हैं।

परंतु निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाने में अब तक जिला शिक्षा विभाग और प्रशासन बेबस व असहाय ही साबित हुआ है। तभी तो आज पर्यंत तक एक भी मामले में विभाग सख्त कार्यवाही के लिये हिम्मत नहीं जुटा पाई है। हाल ही में महासमुंद नगर के ग्रीन वैली स्कूल में आर टी ई के तहत अध्ययनरत छात्र पुलकित चंद्राकर से उक्त स्कूल के द्वारा 4 हजार की मांग की गई थी। जिसकी शिकायत अभिभावक कैलाश चंद्राकर के द्वारा कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से की जा चुकी है। इसी तरह चन्द्रनाहू शिक्षण समिति के अंतर्गत संचालित चंद्रोदय पब्लिक स्कूल महासमुंद के प्राचार्य नवीन कुमार चंद्राकर द्वारा 12 वीं के छात्र लाकेश कुमार साहू के बोर्ड पंजीयन में उनके माध्यम अंग्रेजी के स्थान पर हिंदी करवाकर अनियमितता बरती गई है और छात्र से दुर्व्यवहार कर धमकाने का कृत्य किया गया है। जिसकी शिकायत भी सचिव छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा मंत्रालय व जिला शिक्षा अधिकारी तथा कलेक्टर को गई है। इनमें भी आज पर्यन्त कार्यवाही शून्य है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में, लोक शिक्षण संचालनालय के संयुक्त संचालक के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को आरटीआई कार्यकर्ता पंकज साहू के प्रकरण में चंद्रोदय पब्लिक स्कूल की मान्यता समाप्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश भी है तथा सी बी एस सी ई बोर्ड नई दिल्ली के द्वारा भी कार्यवाही के लिए छत्तीसगढ़ शासन व जिला शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया है। लेकिन आज तक कार्यवाही सिफ र है। जिससे जिले की प्रशासनिक कार्यक्षमता का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

सरस्वती शिशु मंदिर में होनहार बेटियों ने दिखाया कमाल, अंजली सिंह को मिला जिला के मेरिट सूची 9 वां स्थान नगर में रही अव्वल

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणामों में एक बार फिर सरस्वती शिशु मंदिर रतनपुर ने अपनी परंपरा को बरकरार रखते हुए नगर को दिया सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम कोरोना काल के बाद हुए आफ लाइन परीक्षा के परिणामों का सभी को बेसब्री से इंतजार रहा जैसे ही प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने परीक्षा परिणाम की घोषणा की वैसे ही नगर की होनहार बेटी अंजली सिंह पिता अर्जुन सिंहण्ने 95.83: अंक

प्राप्त कर बिलासपुर जिला के प्राविण्य सूची मे अपना नाम दर्ज करा कर विद्यालय के गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया अंजली सिंह को 600मे से 575अंक प्राप्त हुए मात्र 6 अंको से प्रदेश की प्राविण्य सूची से वंचित रहने वाली इस होनहार बेटी को नगर के सभी प्रबुद्ध जनो ने बधाईयां प्रेषित की है सरस्वती बाल कल्याण समिति रतनपुर के अध्यक्ष माखन लाल गुप्ता उपाध्यक्ष डॉ. सुनील जायसवाल व्यवस्थापक अजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरेश सोनी सहव्यवस्थापक प्रमोद अग्रवाल जिला ग्राम भारती के अध्यक्षअनूप पांडेय ने बहन अंजली के इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी बधाई प्रेषित की है। वही 93.83: अंको के साथ कुण्आन्या साहू पिता फि रतूराम साहू को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। तृतीय स्थांन पर आंकाक्षा सिंह पिता अर्जुन सिंह 90.33: अंको के साथ रही। 86.5: अंको के साथ आशुतोष कसेर पिता राजेंद्र कसेर एवं पंचम स्थान पर कुसमनी कश्यप पिता विरेंद्र कुमार कश्यप रही कक्षा द्वादश के परीक्षा परिणाम मे 89.2: अंको के साथ तुषार गुप्ता पिता रूपेश गुप्ता को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। 83.8: अंको के साथ विधान कश्यप पिता चंद्रकांत कश्यप को द्वितीय एवं 83ण्2: अंको के साथ अभिनंदन कौशिक पिता राजेंद्र पाल कौशिक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्राचार्य मुकेश श्रीवास्तव ने सभी सफल भैया बहनो को बधाई देते हुए सभी अभिभावकों, सरस्वती बाल कल्याण समिति के सभी सदस्यों के साथ साथ श्रेष्ठ आचार्य परिवार का आभार माना जिनके कुशल मार्गदर्शन मे यह गौरवशाली परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ।

एक नजर

बीकेकेएमएस ने सम्मान किया

कोरबा । इंटरनेशनल नर्सेज.डे पर भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन, बीएमएस ने एसईसीएल कोरबा, कुसमुंडा, गेवरा, दीपका क्षेत्र, ढेलवाडीह, बांकी उपक्षेत्र के विभागीय अस्पताल, डिस्पेंसरी व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीपका में कार्यरत लगभग 125 नर्सेस व उनकी सहयोगी कर्मियो का सम्मान किया गया। संगठन की ओर से उन्हें अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ व मिठाई दी गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह राठौर, अश्वनी मिश्रा, अध्यक्ष बीकेकेएमएस अशोक कुमार सूर्यवंशी ,महामंत्री बीकेकेएमएस एसईसीएल के अलावा यूनियन के सभी पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे। इसी तरह नेहरू शताब्दी अस्पताल गेवरा व शासकीय चिकित्सालय दीपका के सभी नर्सो का पुष्प गुच्छ व गमछा भेंटकर सम्मान किया। प्रमुख रूप से टिकेश्वर राठौर अस्पताल प्रमुख डॉ बेहराए अश्वनी मिश्रा आदि शामिल रहे।

आक्रोशित बड़े भाई ने पीटा

कोरबा । कटघोरा के ढेलवाडीह कॉलोनी निवासी कृष्ण कुमार साहू सिंघाली एसईसीएल में मैनेजर है, जो बुधवार को पाली के लाफा गांव में अपने भांजा शरद कुमार व बसंत कुमार की शादी में शामिल होने पहुंचा था। शादी कार्यक्रम होने के बाद रात करीब 10 बजे वह माता.पिता और अपने बड़े भाई अरूण कुमार के साथ बैठा था।

इस दौरान कृष्ण कुमार ने अपने हिस्से की जमीन व जायदाद का बंटवारा करने को कहा, उसने इसके पीछे अपने स्वास्थ्य की खराबी और इलाज में ज्यादा पैसा लगने को वजह बताया। पर उसके बंटवारा मांगने से बड़ा भाई अरूण कुमार आक्रोशित हो गया। उसने विवाद करते हुए उसे पीटा। कृष्ण कुमार को लिवरशिरोशिस की बीमारी होने पर उसकी हालत बिगड़ गई, परिजन ने बिलासपुर के अस्पताल में उसका उपचार कराया। जहां से लौटने के बाद शुक्रवार को कृष्ण कुमार ने पाली थाना में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मामले में आरोपी अरूण कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

शादी से पहले गिरफ्तार

कोरबा । शहर के रामपुर हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने वहां निवासरत युवती को शादी करने का झांसा देकर 2 साल तक उससे दुष्कर्म किया। फिर गांव जाकर दूसरी युवती से शादी कर रहा था। पता चलने पर पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

रामपुर चौकी प्रभारी निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि रायपुर जिले के तिल्दा थाना अंतर्गत जलसो गांव का चिरंजीवी वर्मा 28 शहर के रामपुर हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में निवासरत था। वह निजी कंपनी में कार्यरत था। लॉकडाउन के दौरान वर्ष 2020 में उसकी क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से पहचान हुई। जिसे उसने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। फिर उससे शादी करने का झांसा देते हुए जून 2020 से अप्रैल 2022 तक उससे दुष्कर्म करता रहा।

कुछ दिन पहले वह वापस गांव चला गया। जहां वह दूसरी युवती से शादी रचा रहा था। जानकारी होने पर पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मामले में दुष्कर्म का केस दर्ज किया। महिला संबंधी अपराध होने पर अधिकारियों से आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी का निर्देश मिला। जिस पर टीम गठित कर आरोपी की पता तलाश किया गया। जिसमें उसे तिल्दा स्थित उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया।

बाल्को के तीन अधिकारियों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज

बर्खास्त अधिकारी की दो साल पुरानी शिकायत पर कार्रवाई

कोरबा । बाल्को के महाप्रबंधक सिविल रहे समीर धर दीवान के साथ मारपीट करने का आरोप प्रशासन प्रमुख अवतार सिंह पर लगा है। दीवान का आरोप है कि अवतार सिंह ने अपने दो अन्य के साथ मिल कर उसके साथ मारपीट की और जबरदस्ती बर्खास्त कर दिया। पुलिस ने दो साल पुराने इस मामले में अब जाकर एफआईआर दर्ज किया है। प्रशासन प्रमुख अवतार सिंह के अलावा निदेशक अनुराग तिवारी व कपिल मल्होत्रा पर बर्खास्त अधिकारी समीर धर दीवान ने आरोप लगाते हुए 27 जुलाई 2020 को बाल्को थाने में एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की थी। जिसमें कहा गया था कि सिविल के कार्यों में विभाजन का हवाला देते हुए उसे दफ्तर में बुलाया गया और चार घंटे तक कमरे में बंधक बना कर रखा गया। इस दौरान उसके साथ मारपीट भी की गई। बाद में उसे बर्खास्त कर दिया गया। पुलिस ने उस वक्त तो कार्रवाई नहीं की थी। इसलिए एक बार दीवान ने इसकी शिकायत पुलिस के अधिकारियों से की थी। बाल्को के थाना प्रभारी विजय चेलक ने बताया कि जांच के बाद पुलिस ने बाल्को के तीनों अधिकारियों के खिलाफ धारा 294, 506, 342, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

बाइक सवार दो घायल

कोरबा । पाली के बनबांधा स्थित घनश्याम किराना दुकान के पास एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। घटना इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार माखनपुर निवासी आनंद सिंह व एक अन्य दूर फेंका गए और बाइक में आग लग गई। जानकारी मिलते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए और आनन फानन में पानी डाल कर आग बुझाया। घटना रात 9.45 बजे घटित हुई।

अभिव्यक्ति की आजादी के लिये आज भाजपा का जेल भरो अभियान

1977 की होगी पुनरावृति हश्र भोगने तैयार रहें भूपेश सरकार-रूप कुमारी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

राज्य में कांग्रेस की भूपेश सरकार द्वारा जन आंदोलन के किसी भी प्रारूप को बिना पूर्वानुमति के नाजायज करार देने की कानूनी घोषणा के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश व्यापी जेल भरो आंदोलन के तहत 16 मई को जिला मुख्यालय महासमुंद के लोहिया चौक से रैली निकालने के बाद जिलाधीश कार्यालय का घेराव कर जेल भरो आंदोलन का आगाज किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी के नेतृत्व में आयोजित जेल भरो कार्यक्रम के लिए भाजपाजनों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष रुकमणी चौधरी ने अभिव्यक्ति की आजादी पर राज्य सरकार द्वारा अंकुश लगाए जाने के परिप्रेक्ष्य में एक प्रेस नोट जारी कर कहा है किए पूरी तरीके से भ्रष्टाचार में लिप्त कांग्रेसी की सरकार अब आम जनता के अधिकारों का हनन कर रही है। ऐसा लगता है किए चुनाव से डरकर भूपेश बघेल नया तरीका अपनाया होगा ताकि कोई व्यक्ति उनके खिलाफ आवाज न उठा सके और न ही लोगों की आवाज अन्य लोगों तक पहुंच पाए इसलिए इस प्रकार का काला कानून इस सरकार के मुखिया के द्वारा लाया गया है। उन्होंने कहा किए कांग्रेस सरकार के मुखिया को लगता होगा किए अब किसी माध्यम से प्रदेश में दोबारा सरकार बनाने का अवसर प्राप्त होगा। बाकी सारे कार्य से हमें किसी तरह का कोई लाभ मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। लेकिन भूमि सरकार को यह नहीं मालूम कि 1975 में इस देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अहंकार में डूब कर इसी प्रकार का निर्णय लेते हुए देश मैं आपातकाल लागू किया और जो भी व्यक्ति सरकार के खिलाफ हल्ला बोलने की कोशिश करता कुछ व्यक्ति को जेल में डाल कर उसे प्रताड़ित करने का काम किया जाता था इतना ही नहीं देश के अंदर लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया था लेकिन जब 1977 में चुनाव हुआ तो कांग्रेश को इस देश के लोगों ने अच्छा सबक सिखाया और अहंकारी सरकार को उखाड़ फेंका। इसी प्रकार का हाल अहंकार में डूबे हुए इस प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल का है उनके द्वारा लिए गए निर्णय के पीछे केवल एक ही मकसद समझ में आता है ना उनकी सरकार के खिलाफ में कोई आंदोलन हो और ना ही कोई व्यक्ति सरकार के खिलाफ आंख उठा कर खड़े हो सके क्योंकि कोई व्यक्ति आंख उठाकर सरकार के खिलाफखड़ा होता है तो उसकी आवाज दूर-दूर तक जाती है और लोग सरकार के खिलाफ में बात करते हैं। प्रदेश की अहंकारी सरकार का भी हाल 1970 के चुनाव की तरह होगा। उन्होंने कहा किए 16 मई को पूरे प्रदेश की तरह जिला स्तर पर जेल भरो आंदोलन पूरे दमखम के साथ करने जा रही है इसके लिए उन्होंने पूरे जिले में जिले के नेताओं को बैठक कर भीड़ एकत्रित करने की जवाबदारी दी है। यह रैली लोहिया चौक से प्रारंभ होगी और कलेक्टर कार्यालय को घेरने जाएगी।

माध्यमिक शाला कुड़ेली का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

सातवीं के कमलेश ने इंजीनियर बनकर आधुनिक तकनीकों पर काम करने की जताई इच्छा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत कुड़ेली पहुंचकर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला तथा आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां बालक.बालिका शौचालय में स्वच्छता और रनिंग वाटर कनेक्शन के माध्यम से स्कूल में पेयजल आपूर्ति का जायजा लिया। माध्यमिक शाला के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बाल सभा के लिए पहुंचे छात्रों से बात की। कक्षा सातवीं के कमलेश ने मुलाकात में कलेक्टर को बताया कि वे आगे भविष्य में इंजीनियर बनना चाहते हैं। कलेक्टर द्वारा इंजीनियर बनकर किस दिशा में काम करना चाहोगे के सवाल के जवाब में कमलेश ने बताया कि वह आधुनिक तकनीकों पर काम करना चाहता है जिससे दैनिक जीवन के कामों में आसानी हो। कमलेश ने आगे बताया कि ब्लूटूथ लैस हेलमेट बनाने का सोचा है जिससे फोन से कनेक्ट किया जा सके। कलेक्टर सीईओ जिला पंचायत ने कमलेश की तारीफ की और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार कलेक्टर ने प्राथमिक शाला का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में बच्चों के ज्ञानवर्धन और मनोरंजन के लिए बनाए गए वॉल पेंटिंग की भी सराहना की।

आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र कुड़ेली में कुपोषित बच्चों और पूरक पोषण आहार वितरण की ली जानकारी

बच्चों के आकर्षण और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए सभी आंगनबाड़ी में रंग रोगन कराया गया है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से कुपोषित बच्चों और पूरक पोषण आहार वितरण की जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम बैकुंठपुर, सीईओ जनपद पंचायत एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

लखराम पेट्रोल पंप मैनेजर के घर हुई चोरी का खुलासा

नगदी सहित 1 लाख 40 हजार का माल बरामद

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

पुलिस ने पेट्रोल पंप मैनेजर के घर हुई 1 लाख 77125 रुपए की चोरी के मामले को सुलझा रतनपुर पुलिस आज की है मामले में गांव के ही एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

जिसने अपने 5 साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। जिसमें 2 नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने उक्त मामले में बताया कि आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह सिलेंडर चोरी करने घर मे घुसे थे लेकिन आलमारी देख उन्होंने पैसे निकाल लिए। जब प्रार्थी एस एस फ्यूल्स के मैनेजर नंदकुमार श्यामले पिता परसुराम श्यामले ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। तब से पुलिस ऐसे संदिग्धों पर नजर बनाए हुए थी। जिन्होंने अनाप शनाप खर्च कर रहे युवकों को पकड़ कर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ, जिसमें आरोपी पेसू उर्फ परमेश्वर केंवट, टीकाराम केंवट, करण साहू, जीवन देवांगन, 2 नाबालिग शामिल है। पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैए जिनसे 1 लाख 4 हजार रुपए, एक मोबाइल और एक जूता को बरामद किया गया है। वही फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

ग्राम पंचायत बुडार के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

जुगरी बाई एवं कमलेश बाई की शिकायत पर अपने सामने जमीन का नापजोख करवा कलेक्टर ने किया त्वरित निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम पंचायत बुडार के अंतर्गत पंचायत कार्यालय और पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया। पंचायत कार्यालय में कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों से गांव की मूलभूत आवश्यकताओं के विषय में चर्चा की। इस दौरान बुडार निवासी ग्रामीण जुगरी बाई ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री आबादी पट्टा के तहत दर्ज भूमि के अनुसार भूमि प्रदाय न किये जाने की शंका से अवगत कराया। कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के लिए पटवारी को नाप जोख करने के निर्देश दिए एवं स्वयं भी जमीन का मुआयना करने पहुंचे। कलेक्टर एवं प्रशासनिक अमले के समक्ष नाप जोख किया गया जिसमें रिकॉर्ड अनुसार सही नाप पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा जुगरी बाई तथा कमलेश बाई की समस्या का निराकरण किया गया।

कलेक्टर ने पंचायत कार्यालय में गत दिनों लगाए गए शिविरों में विभिन्न प्रकरणों के निराकरण, पंचायत में आवेदनों और शिकायतों की पंजी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने की जानकारी फोन कर व्यक्तिगत रूप से हितग्राही को देने के सम्बंध में निर्देश देते हुए कलेक्टर शर्मा ने स्वयं फोन कर हितग्राही कलावती को पेंशन स्वीकृति की जानकारी दी।

पीडीएस दुकान में राशन लेने आई माता फुलेश्वरी से की मुलाकात, रजिस्टरों की जांच कर व्यवस्थित संधारण के दिए निर्देश

शासकीय उचित मूल्य दुकान का अवलोकन कर कलेक्टर शर्मा ने पंजियों तथा स्टॉक की जांच की। शिकायत पंजी में खामी पायी जाने पर उन्होंने समस्त पंजियों के व्यवस्थित संधारण के निर्देश दिए। पीडीएस दुकान में राशन लेने आए लोगों से बात कर कलेक्टर शर्मा ने जारी किए गए राशन का मापन करवाया। हितग्राही फुलेश्वरी ने उन्हें बताया यहां समय पर राशन मिल जाता है और किसी प्रकार की समस्या नहीं है। कलेक्टर द्वारा पिछले दिनों कुछ राशन दुकान संचालकों द्वारा बचे रुपए अगले माह के लिए रोक दिए जाने की शिकायत मिलने के संबंध में संचालक को चिल्हर पैसों की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए गए।

गौठान सरभोका में वर्मी एवं सुपर कम्पोस्ट खाद का विक्रय कर महिलाओं ने कमाए 87 हजार रुपए बकरी पालन की उत्तम व्यवस्था

कुड़ेली गौठान में महिला समूह शुरू करेगा एलईडी बल्ब, डिटर्जेंट और क्लीनर बनाने का काम

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

विकासखण्ड बैकुंठपुर के कुड़ेली और सरभोका ग्राम में स्थित गौठानों में आकस्मिक निरीक्षण कर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गौठान में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। ग्राम गौठान कुड़ेली में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण और पैकेजिंग का अवलोकन किया और सीईओ जनपद को जल्द उठाव कराने सहकारी समिति से समन्वय करने के निर्देश दिये। यहां मीना स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा 15 सौ किलो वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन विक्रय के तैयार है। समूह की दीदियों ने बताया कि जल्द ही एलईडी बल्बए डिटर्जेंट और क्लीनर बनाने का काम भी शुरू किया जाएगा।

गौठान सरभोका में वर्मी एवं सुपर कम्पोस्ट खाद का विक्रय कर महिलाओं ने कमाए 87 हजार रुपए

सरभोका गौठान में वर्मी एवं सुपर कम्पोस्ट खाद निर्माण का कार्य कर रही गंगा स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्टर शर्मा को बताया कि समूह द्वारा 70 हजार 677 रुपए में 180 क्विंटल वर्मी खाद एवं 57 हजार 751 रुपए में 370 क्विंटल सुपर कम्पोस्ट खाद के विक्रय से समूह को लगभग 87 हजार रुपए का लाभ हुआ है। कलेक्टर शर्मा ने इस दौरान गौठान में बकरी शेड का अवलोकन किया। अच्छी व्यवस्था तथा बकरों की स्थिति देखकर खुश होकर उन्होंने बकरी पालन का कार्य कर रही। गंगा स्व सहायता समूह की महिलाओं की तारीफ की और उनसे गतिविधि की विस्तार से जानकारी ली। समूह की सदस्य रुषा पटेल ने बताया कि यहां अभी कुल 22 बकरियां हैं। कलेक्टर शर्मा ने उपस्थित महिलाओं से गौठान से सम्बंधित आवश्यकताओं के विषय में भी चर्चा की। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत, एसडीएम बैकुंठपुर और खण्ड स्तरीय अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे।

करोड़ों खर्च करने के बाद भी देवभोग के गांव-गांव में जलसंकट

नल से हर घर जल योजना के जलप्रदाय का एक भी टैंक चालू नहीं

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

गर्मी के दिनों में पेयजल से लेकर निस्तार जल का संकट देवभोग क्षेत्र के लिये कोई नयी बात नहीं है जहां एक और सरकार के नल से हर घर जल की योजना विभाग के अनदेखी और ठेकेदार के लापरवाही के चलते अपूर्ण है तो वही ब्लाक में कुछ ऐसे गांव भी है जहां पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है।

विभाग ने इस संकट से निजात दिलाने के लिये भले ही ब्लाक भर में नल जल योजना की शुरूवात 2019 में कर दी पर ठेकेदार की लापरवाही से कही टैंक अधूरे तो कही पाइप लाईन का काम हुआ नहीं है। पीएच ई विभाग के अफसर का ठेकेदार पर थोड़ा भी नियंत्रण नहीं है गिरसूल में नल जल योजना से टैंक को बने लगभग तीन साल हो गये पर विभाग उसै अब तक चालू तक नहीं करा सका। भले ही विभाग दावे के साथ जलसंकट को झुठला रही है पर कही अधूरे तो कही वर्षो से बंद पड़े नल जल इसके हकीकत का बयां कर रही है।

देवभोग के दर्जनों गांव में अब तक पेयजल संकट

पेयजल संकट को लेकर देवभोग का गिरसूल आये दिन सर्खियो में रहता है गिरसूल की समस्या इतनी की यहां के लोग प्रशासन से पानी की मांग कर थक हार चुके है इसी प्रकार दिवानमुड़ा में इस योजना के पानी टैंक को बने सात साल हो गये गांव की समस्या जस के तस है। ना नल जल योजना चालू हो सका और ना ही लोगों को पानी मिल रहा है करलागुडा, कुम्हडई खुर्द,गोहेकेला सहित दर्जनों ऐसे गांव है जहां जल समस्या निरंतर बना हुआ है। विभाग के आला अफ सरों ने कभी गांव तक पहुंचकर खासकर गर्मी के दिनो में जलसंकट की सुध नहीं ली। विभागीय अधिकारी को पूरी जानकारी होने के बाद भी कभी विभाग ने ठेकेदारो पर अधुरे नलजल योजना को पूर्ण कराने दबाब नहीं डाला है।

गांव के लोग झरिया का पानी पीने को मजबुर

गांव में पेय और निस्तार जल उनकी प्रमुख बुनियादी सुविधा में आता है कुम्हडई खुर्द कुम्हडई कला, निष्टीगुड़ा धुमामुडा, करलागुड़ा, करचिया, दबन-ई सहित दर्जभर ऐसे गांव है जहां सरकार की नल जल योजना नही बल्कि गांव से होकर बहने वाली तेल नदी उनके लिये वरदान बनी हुयी है लोग नदी नालो में झेरिया बनाकर झेरिया का पानी पीने को मजबुर है।गर्मी के दिनो मे नदी नाले भी सूख जाते है यहां का जल स्तर काफी निचे चला जाता है ऐसे में ग्रामीण महिलाओं को पेयजल के लिये काफी मशक्कत करना पड़ता है।

अधिकारी देते हैं रटे रटाये जबाब

देवभोग मैनपुर ब्लाक में नल से हर घर जल योजना में शासन के करोड़ों खर्च के बाद भी ठेकेदार व विभागीय लापरवाही के चलते कही काम अधूरा तो कही पूर्ण होने के बाद भी ना चालू करवाया गया और ना ही पंचायत को हेण्ड ओवर किया जा सका है इस संबंध में पीएच ई-विभाग के अधिकारी का बिजली समस्या और ठेकेदार को हो रही परेशानी का रटे रटाया जबाब मिलता है।

सूखे तालाबो में गांव का कैसे होगा निस्तार

पेयजल के साथ साथ गांव में निस्तार की भी गम्भीर समस्या बनी हुयी है। आग उगल रहे गर्मी के चलते तालाबो और नदी नालों में पानी नहीं है ऐसे में गांव के लोग निस्तार को लेकर बहुत परेशान है। देवभोग के ग्रामीण क्षेत्र के 90 फीसदी लोगों का निस्तार तालाब नदी नालों से होता है। और यही 90 फीसदी ग्रामीण कई बार विभाग के स्थानीय अधिकारी को नल जल योजना शुरू कराने आवेदन भी कर चुके है पर विभाग के अधिकारी कुंभकरण निंद्रा से नहीं जाग रहे है।

पंचायत के खाते में नहीं है विकास मद कैसे भला बनेगा झेरिया

गिरसूल निष्टीगुड़ा करचिया सेंदमुडा कुम्हडई कला और खुर्द करलागुडा पंचायत हर साल नदी नालो में झेरिया कुण्ड बनाकर गांव के लोगों को जलसंकट से निजात दिलाता था ऐसा तभी होता था जब पंचायत के खाते मूलभूत और वित्त योजना का विकास मद होता था मूलभूत आ नहीं रहा और 15वें वित्त पर कार्ययोजना, जियो टेकिंग प्रिया शाफ्ट और वेन्डर को भुगतान जैसे कई रोडा है जिसके चलते पंचायत भी अब झेरिया बनाने में रूचि नहीं दिखा रहा है। और इन ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट सालो से बना हुआ है।

देवभोग का पंचायती नल जल वर्षो से बंद पड़ा

पेयजल संकट से देवभोग नगर भी अछुता नही है यहां पचास साल पुरानी पंचायत की नल-जल योजना पांच वर्षो से बंद पड़ी है हालांकि दस हजार आबादी वाले इस नगर में अधिकांश घरो में निजी नलकुप है मगर पुरानी बस्ती जिसमे नायक पारा ब्राम्हण पारा निषाद पारा और राजापारा में भू-जल का टीडीएस इतना ज्यादा है यहां के नलकुपो का पानी पीने लायक नहीं है। पूरे बारहो महिने यहां पेयजल संकट बना रहता है यहां के लोगों को एक किमी तय कर पेयजल का जुगाड़ करना पड़ता है। वही चुनावी जुमले वादे कर तीसरी बार ग्राम सरकार का नेतृत्व करने वाली सरपंच भी बंद पड़े नलजल को ध्यान नहीं दे रही है।

एक नजर

अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो की सर्वेक्षण सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

रतनपुर नगर पालिका में अन्य पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का सर्वेक्षण कार्य की सूची जारी की गई है मुख्य नगरपालिका अधिकारी मनीष वारे ने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसकी सूची का प्रकाशन किया गया है जिस किसी को भी इस पर दावा आपत्ति करना है वे 17मार्च 2022 तक दावा कर सकते हैं उसके बाद समय अवधि निकल जाने के उपरांत किसी भी दावा आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

बेमेतरा कंडरका पुलिस ने संवेदनशीलता और मानवता का दिया परिचय

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा पुलिस लगातार पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में संवेदनशीलता और मानवता का परिचय देते हुये आमजनो का सहयोग कर रहे है जिसके तहत 14 मई 2022 के सुबह ग्राम गुधेली खार में एक अज्ञात विक्षिप्त व्यक्ति घायल अवस्था में मिलने की सूचना पर चौकी कंडरका पुलिस स्टाफ द्वारा तत्काल मौके पर पहुचकर उक्त व्यक्ति को आई चोंट का प्राथमिक उपचार कराया गया। उनसे पुछताछ करने पर अपना नाम रोहित बांधे बलौदाबाजार निवासी होना तथा पैदल चलने के दौरान गिरने से चोट लगना बताया। बलौदाबाजार जिले से संपर्क कर उनके परिजनो का पता लगाकर संपर्क किया जो पुछताछ करने पर रोहित बांधे को चार-पांच दिन पूर्व से बिना किसी को कुछ बताये घर से कही चले जाना बताये, परिजनों के आने पर रोहित बांधे को उनके परिजनों को सुपूर्द किया गया। बेमेतरा कंडरका पुलिस द्वारा संवेदनशीलता और मानवता का परिचय देते हुये विक्षिप्त घायल व्यक्ति को समय पर उपचार कराकर नया कपड़ा पहनाकर, भोजन कराकर, परिजनों का पतासाजी कर उनके परिजनो से मिलाया। परिजनो ने रोहित बांधे को अपने पास पाकर बहुत खुश हुये और खुशी जाहिर करते हुए बेमेतरा एसपी एवं कंडरका पुलिस का हृदय से अभार व्यक्त किये।

एम.पी.नगर उद्यान में सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश

कोरबा । महापौर राजकिशोर प्रसाद प्रातः भ्रमण के दौरान प्रातः 07 बजे वार्ड क्र. 22 व 24 के मध्य महाराणा प्रताप नगर स्थित निगम के उद्यान पहुंचे, वार्डवासियों के साथ उद्यान का अवलोकन किया, वहाँ की व्यवस्थाओं को देखा तथा उद्यान में यूरिनल एक्युप्रेशर पाथवे की सुविधाएं बढ़ाने एवं आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने के निर्देश उद्यान के प्रभारी अधिकारी को दिए। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 22 व 24 के मध्य महाराणा प्रताप नगर में पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में उद्यान का निर्माण कराया गया था तथा वहाँ पर ओपनजिम, पाथवे, उद्यानिकी आदि की सुविधाएं मुहैया कराई गई थी। उक्त उद्यान में महाराणा प्रताप नगर, शिवाजीनगर, पं.रविशंकर शुक्लनगर, निगम कालोनी, बैंक कालोनी, एम.पी.नगर एच.आई.जी, सी.-01, सी. 02 कालोनी, आर.पी.नगर सहित आसपास के निवासी महिला, पुरूष, युवा, बच्चे सभी आयु वर्ग के लोग प्रातः व सायं भ्रमण हेतु नियमित रूप से आते हैं तथा उद्यान की सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, पैदल भ्रमण के साथ ही योग, व्यायाम तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियाँ यहाँ पर नागरिकों द्वारा की जाती है। इन नागरिकों ने पहल करते हुए एक समिति का गठन कर उद्यान की देखरेख की जिम्मेदारी ली है।

गुरु अमर दास की जन्मदिवस चटुवापुरी धाम में धूम धाम से मनाया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिले के गुरु धाम चटुवापूरी धाम में भारतीय सतनामी समाज धर्म संगठन के द्वारा गुरु अमर दास का जन्मदिन चटूवा पूरी धाम में पूजा अर्चना कर धूम धाम से मनाया गया। साथ में प्रदेश स्तरीय मंथन व बैठक भी रखा गया था। जिसमें वह सतनाम धर्म को सर्वधनिक मान्यता दिलाने के लिए चर्चा किये दिल्ली व अन्य राज्यों के सतनामी समाज के लोग व पद अधिकारी सम्मिलित हुए भारतीय सतनामी समाज सतनाम धर्म संगठन पंजीयन क्रमांक 12220125805 के सभी पद अधिकारी के द्वारा सतनाम धर्म को मान्यता दिलाने के लिए प्रदेश जिला व ब्लॉक स्तरीय में मंथन व बैठक किया जा रहा है सतनाम धर्म को मान्यता दिलाने के लिए आगामी तारिक को प्रदेश स्तरीय रैली निकालने के लिए भी चर्चा किया। इस जन्म दिवस व मंथन बैठक में भारतीय सतनामी समाज सतनाम धर्म संगठन के मुख्य संयोजक डॉ. जितेंद्र जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष तोर न दास कोसले उपाध्यक्ष तेखन दास वाजपई महा सचिव रेवत लाल प्रदेश सचिव राकेश बंजारे बेमेतरा जिला अध्यक्ष रनिया सोनित संस्थापक राजू भगत मीडिया प्रभारी भागचंद गहरे कोसा अध्यक्ष लाल गायकवाड़ सीएल रात्रे संरक्षक प्रदेश सचिव टकेश्वर बंदे सह सचिव रमेश बघेल संरक्षक साहेब दास संरक्षक खेदू बंजारे संरक्षक अमर मोहन बारले हरि शंकर कन्हैया गायकवाड शिवदास समस्त कार्यकर्ता व समस्त सतनामी समाज उपस्थित रहे।

फसल परिवर्तन के नाम सरकार किसानों को गुमराह कर रही - योगीराज

धान खरीदी से बचना चाहती है राज्य सरकार फसल परिवर्तन के नाम ऋण स्वीकृति में देरी

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

फसल परिवर्तन पर अपनी प्रतिक्रया देते हुये भाजयुमो जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने कहा राज्य सरकार किसानों गुमराह कर रही है। योगीराज ने उक्त बात किसानों के बीच कही है उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा ना तो सरकार के पास फसल परिवर्तन के आवश्यक संसाधन है और ना ही खाद बीज इसलिये सरकार इससे बचने किसानों को फसल परिवर्तन का झांसा दे रही है। किसानों फसल परिवर्तन के बिना लोन स्वीकृत नहीं हो रहे हैं। किसान अपने रकबे में फसल परिवर्तन कराने कभी राजस्व तो कभी कृषि विभाग कभी समितियों चक्कर काटने मजबूर हो रहे हैं। साथ में ये भी कहा सरकार 2 रूपये में गोबर खरीद कर वर्मी कम्पोस्ट 12से 13 रूपये मे बेच रही है यदि इसी में किसानों को प्रशिक्षित कर किसानों को मदद करती तो शायद किसान के ऊपर भार भी कम हो जाता।

किसान के साथ सरकार ने तीन साल में तीन छलावा किया

भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने किसानों के बीच कहा सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने अपने मेनुफेस्टो में हर साल कर्ज माफी का वादा किया था मगर एक साल कर्जा माफी के बाद वादे भूल गयी। वही एकमुश्त बोनस को चार किश्तो में दे रही है और अब फसल परिवर्तन के नाम धान के रकबे को कम करना चाहती है ताकि सरकार धान खरीदी से बच सके।

पन्द्रह दिन में बोबाई शुरू होने वाले है किसानो की चिंता बढ़ रही

भाजयुमो नेता योगीराज को जब किसानों ने बताया कि फसल परिवर्तन के बिना लोन स्वीकृत नहीं हो रहे है 15 दिनों में धान बोबाई की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी ऐसे मे किसान का ऋण स्वीकृत नहीं हो रहा है और खाद बीज भी नहीं मिल रहा है तभी भाजयुमो नेता ने किसान के साथ खड़े होने और आंदोलन की बात कही है।

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय चिरमिरी ने बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत लाकर रचा इतिहास

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय चिरमिरी का 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा कक्षा 12वीं में कुल 14 छात्र दर्ज थे जिसमें 7 छात्र प्रथम श्रेणी एवं 7 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में कुल 40 बच्चे दर्ज थे जिसमें 33 छात्र प्रथम श्रेणी एवं 7 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुये। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान कु.आकृति पगारे 76:, द्वितीय स्थान महेश्वर नाहक 74: एवं तृतीय स्थान अंजू शाह 73.4: अंकों से प्राप्त किये। इसी क्रम में कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान तन्मय सिंह 92: द्वितीय स्थान निषिता घोष 91.3:, एवम सृष्टि सोनवानी 91ण्2:अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किये। परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को संस्था के प्राचार्य डॉ. डीके उपाध्याय द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा के उपरांत विद्यालय में मेडल, मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया तथा छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक टुकेश्वर पटेल, इश्मीत कौर,एवम विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं एवम अभिभावकगण उपस्थित रहे।

ज्ञात हो की शासन की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत चिरमिरी क्षेत्र में खोला गया स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय का बोर्ड परीक्षा 10 वीं एवम 12 वीं का प्रथम बैंच था। पहला परीक्षा परिणाम बेहतर करने में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों की मेहनत सफल रहा जिससे परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत आने पर कलेक्टर कोरिया, मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया एवम जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया द्वारा छात्र-छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं एवम विधालय परिवार को बधाई दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किये।

पदयात्रा कर शिवरीनारायण पहुंचे गुरूनानक देव

अंचल का बंजारा समाज इष्ट देव मानता है सिक्ख गुरू को

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

प्रदेश के शिवरीनारायण, सिक्खों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी द्वारा कोई 517 साल पूर्व अमरकंटक से जगन्नाथपुरी यात्रा के दौरान नानक सागर में दो दिन रुकने एवं वहां के निवासियों सहित तत्कालीन राजा को उपदेश देने के प्रमाण मिलने के बाद अब गुरुनानक देव जी के शिवरीनारायण में रुकने के प्रमाण भी सामने आए है।

यहां गुरु की जमीन पर आज भी बंजारा समाज के लोगों द्वारा गुरुनानक की मूर्ति स्थापित कर शुभ कार्यो की शुरुआत यहीं से करने की जानकारी मिली है। उक्त सम्बन्ध में विगत दिनों रायपुर के रिंकू ओबेरॉय के नेतृत्व में रायपुर तेलीबांधा के बाबा बुद्धासिंघ गुरुद्वारा के प्रधान हरकिशन सिंह राजपूत, राज किशोर तेजवानी एवं गढ़फु लझर के जसपाल सिंह के साथ शिवरीनारायण पहुंचे। वहां सिक्ख समाज के भूपेंदर सिंह गांधी, प्रीतपाल सिंह गांधी एवं शिवरीनारायण से ही रंजीतसिंह गांधी और कुलजीत सिंह गांधी सहित बंजारा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश समन्वयक भागवत नायक, घांसीराम नायक, डॉक्टर पंचराम नायक, मोहन नायक, खोरबाहारा नायक के साथ गुरुनानक देव के मंदिर पहुंचे। यहां पर गुरु नानक देव 517 साल पहले अपनी पहली उदासी 1506ई.में अमरकंटक कबीर चबूतरा से शिवरीनारायण होते हुए गढ़फुलझर नानक सागर छत्तीसगढ़ होकर ही जगन्नाथ पुरी गए थे। शिवरीनारायण से बंजारा समाज का काफिला गुरु नानक देव के साथ जगन्नाथ पुरी की यात्रा में शामिल था। उस समय से बंजारों के पूर्वजों द्वारा शिवरीनारायण छत्तीसगढ़ में 5 स्थानों पर गुरुनानक देव जी के नाम से जमीनें ली गई थी और राम जानकी गुरुनानक मंदिर में गुरुनानक देव जी की मूर्ति की स्थापना की गई थी। ये निशानियां आज भी मौजूद है। जिनके दर्शन करते हुए सिक्ख समाज में मूर्ति पूजा वर्जित होते हुए भी बंजारा समाज की गुरुनानक देव के प्रति आस्था को देखते हुए। उक्त टीम ने गुरुनानक देव जी की प्रतिमा की चोला साहिब बदलने की सेवा की जैसे करतारपुर पाकिस्तान, साहिब में गुरुनानक देव की समाधि में चादर चढ़ाने की सेवा की जाती है।

बंजारा समाज के भी ईष्ट देव है गुरूनानक देव

इस सम्बंध में रायपुर से पहुची टीम ने बताया किए गुरुनानक देव के छत्तीसगढ़ की धरती पर रुकने की तलाश में एक बात सामने आई है किए प्रदेश का बंजारा समाज भी गुरुनानक को अपना इष्ट देव मानता है। इस समाज मे किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत गुरुनानक देव की पूजा के बगैर प्रारम्भ नहीं होती। पंजाबी साखियों के अध्ययन से भी पता चलता है किए गुरुनानक देव जी के पैदल विश्व भृमण के दौरान तीन लोगों में एक बंजारा भी था। बहरहाल इस नई खोज से सिक्ख समाज के अलावा बंजारा समाज भी खासा उत्साहित है। सिक्ख समाज के रिंकू ओबेरॉय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में प्रथम गुरु गुरुनानक देव जहां-जहां भी रुके थे। उसका पता लगाया जाएगा। वे अब लगातार शिवरीनारायण का दौरा कर बंजारा समाज के साथ मिलकर गुरु के आगमन की निशानियां एकत्र करेंगे।

सनी देओल के बेटे ने कर ली सगाई-शादी की तैयारियां हुई तेज, वजह धर्मेंद्र की तबियत

दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के घर से बड़ी खबर आ रही है। जी दरअसल हाल ही में मिली जानकारी के तहत धर्मेंद्र के पोते और सनी देओल के बेटे करण ने दिवंगत फिल्म निर्माता बिमल रॉय की परपोती द्रिशा से सगाई कर ली है। जी हाँ, सामने आने वाली मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक करण और द्रिशा लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं और अब जल्द दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। आप सभी को बता दें कि पैपराजी ने दोनों को एक साथ कई बार स्पॉट किया है। जी हाँ और दोनों को प्राइवेट इवेंट्स में भी एक साथ जाते देखा गया है। हालाँकि करण और द्रिशा ने कभी भी अपने रिश्ते पर खुलकर बात नहीं की लेकिन अब खबर है दोनों शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। सामने आने वाली रिपोर्ट्स को माने तो धर्मेंद्र की तबीयत बिगड़ने की वजह से दोनों की सगाई का आयोजन जल्द-से-जल्द कराया गया और इन सबके बाद अब शादी की तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं। आप सभी को बता दें कि बीते दिनों धर्मेंद मांसपेशियों में परेशानी की वजह से अस्पताल में भर्ती हुए थे।

सलमान ने शेयर किया कंगना की फिल्म का ट्रेलर, एक्ट्रेस बोली- मेरे सोने के दिल वाले....

बॉलीवुड में अपनी दबंगई के लिए मशहूर सलमान खान आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। उनके लाखो नहीं करोड़ो चाहने वाले हैं और वह भी सभी की मदद के लिए आगे रहते हैं। बीते दिनों उनकी बहन अर्पिता ने अपने घर पर ईद की पार्टी दी थी, जहां पर पूरा बॉलीवुड जमा हुआ था। इस दौरान इस पार्टी में जब कंगना रनौत पहुंची तो हर कोई हैरान रह गया। जी दरअसल ऐसा इसलिए क्योंकि कंगना की खान परिवार के खिलाफ रही हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाती रहती हैं। हालाँकि पार्टी में उनका पहुंचना फैंस को हैरान कर गया है और उनके वहां से फोटोज आने के बाद फैंस के तो होश ही उड़ गए।

सोहैल खान-सीमा का 24 साल का रिश्ता टूटा, दोनों में कोई विवाद नहीं, फिर भी ले रहे तलाक़

सलमान खान के छोटे भाई सोहेल खान और उनकी पत्नी सीमा खान अपना 24 साल का रिश्ता ख़त्म करने जा रहे हैं. दोनों ने मुंबई के फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी डाल दी है. आज शुक्रवार को सोहेल और सीमा को फैमिली कोर्ट के बाहर देखा गया था. दोनों कोर्ट से अलग-अलग निकले थे. खबर है कि दोनों ने अपनी शादी को खत्म करने का फैसला ले लिया है.सूत्रों के अनुसार, सोहेल खान और सीमा शुक्रवार को फैमिली कोर्ट में पहुंचे थे, दोनों ने तलाक के लिए अर्जी डाली है. हालांकि, दोनों के बीच अभी भी दोस्ती बरकरार है. दोनों ने अचानक से अलग होने का फैसला लिया था. इसके संबंध में अधिक किसी को नहीं जानकारी नहीं दी गई थी. दोनों ने अपने इस फैसले को व्यक्तिगत रखना ही उचित समझा और फिर तलाक की अर्जी डाल दी. वह बीते कई वर्षों से अलग रह रहे हैं. कपल से संबंधित एक करीबी दोस्त ने बताया कि सीमा और सोहेल के बीच कोई झगड़ा नहीं है. यह फैसला दोनों ने मिलकर लिया है और अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने का निर्णय लिया है. हालांकि, सोहेल और सीमा के फैंस के लिए यह हैरान करने वाली खबर है. बता दें कि सीमा खान का असली नाम सीमा सचदेव है. वह पेशे से फैशन डिजाइनर और स्टाइलिस्ट हैं. खबर है कि सीमा ने अपना सैलून भी खोल रखा है, जिसका नाम Kallista है. सुजैन खान और महीप कपूर के साथ मिलकर मुंबई के बांद्रा में उन्होंने 190 लग्जुरियस बूटीक शुरू किया थे. उन्होंने सोहेल खान से वर्ष 1998 में निकाह किया था. दोनों के दो बेटे हैं, जिनका नाम योहान और निर्वाण है. अब विवाह के 24 वर्षों के बाद दोनों अलग हो रहे हैं. 2017 में भी सोहेल और सीमा के अलग होने की खबरें आई थीं. यही नहीं सोहेल और सीमा को नेटफ्लिक्स शो द फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में अलग-अलग रहते हुए भी देखा गया था. इस शो के बाद अफवाह स्पष्ट हो गई थी कि दोनों अब साथ नहीं हैं.

सफेद बिकनी में अमीषा ने सोशल मीडिया पर लगाई आग... फैंस बोले मार डालोगी क्या

बॉलीवुड की हॉट एंड प्रिटी अभिनेत्री अमीषा पटेल का इंस्टाग्राम ग्लैमरस तस्वीरों से भरा हुआ है। इसी बीच अमीषा पटेल ने एक बार फिर अपने सिज़लिंग फोटोशूट से फैन्स के पसीने तक छुड़ा दिए है, तो आइए डालते हैं एक नजर उनकी इन फोटोज़ पर। इन तस्वीरों में अमीषा पटेल पिंक एंड व्हाइट बिकिनी और व्हाइट श्रग में किलर पोज़ देती हुई नज़र आ रही है, जिनमें उनका हॉट लुक देक फैन्स पसीना-पसीना हो रहे हैं।

फोटोज में अमीषा पटेल गले में एक नेकपीस और गॉगल्स के साथ कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज़ देती हुई दिखाई दे रही है। अमीषा पटेल ने अपने इस लुक को ओपन हेयर लुक और स्मोकी मेकअप के साथ कम्प्लीट कर रखा है। खबरों की माने तो भले ही अमीषा पटेल पिछले कुछ समय से मूवीज से दूर हों, लेकिन इंस्टाग्राम पर उनका जलवा अब भी बना हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमीषा पटेल ने अब तक कहो ना प्यार है, क्या यही प्यार है, आप मुझे अच्छे लगने लगे, हमराज़, ये है जलवा, एलान, ज़मीर, मंगल पांडे, हमको तुमसे प्यार है, तथास्तु, आप की खातिर, हे बेबी, भूल भूलइया और रेस 2 जैसी मूवीज में काम किया है। सोशल मीडिया पर अमीषा पटेल के लाखों फैन्स हैं, जो उनकी फोटोज पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते हुए दिखाई दे रहे है। अमीषा पटेल ने अपने इस लुक को ओपन हेयर लुक और स्मोकी मेकअप के साथ कम्प्लीट कर रखा है।

सांकेतिक भाषा में रिलीज हुई द कश्मीर फाइल्स

कश्मीरी पंडितों के दर्द को बयां करने वाली फिल्म द कश्मीर फाइल्स तमाम विवादों के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई का रिकॉर्ड बना चुकी है। इस फिल्म को लोगों का बहुत प्यार मिला और फिल्म ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। आप सभी को बता दें कि विवेक अग्निहोत्री द्वारा निर्देशित फिल्म को तमाम अभिनेताओं और राजनेताओं द्वारा भी पसंद किया गया है। वहीं इस फिल्म की जबरदस्त सफलता को देखते हुए कई राज्यों में इस फिल्म को टैक्स फ्री भी कर दिया गया था। अब आज यानी 13 मई को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर हिंदी, तमिल, तेलुगू और कन्नड़ भाषा में रिलीज कर दी गई है। जी हाँ और इसी के साथ ही इस फिल्म का ओटीटी पर सांकेतिक भाषा में भी प्रीमियर किया गया।

आप सभी को बता दें कि जी5 ने सांकेतिक भाषा में आज द कश्मीर फाइल्स के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया और इस दौरान इस फिल्म को करीब 500 बधिर लोगों ने देखा। आप सभी को बता दें कि विशेष स्क्रीनिंग के दौरान विवेक अग्निहोत्री भी अपनी पत्नी और अभिनेत्री पल्लवी जोशी के साथ मौजूद थे। वहीं इसके अलावा अभिनेता दर्शन कुमार भी स्क्रीनिंग के दौरान साथ थे। जी दरअसल कोरोना महामारी के बाद द कश्मीर फाइल्स 300 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली ये पहली फिल्म है।

स्क्रीनिंग के दौरान विवेक अग्निहोत्री ने कहा- हमें खुशी है कि द कश्मीर फाइल्स इतनी बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंची है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि, अब जी5 के साथ ये फिल्म न सिर्फ हिंदी बल्कि तमिल तेलुगू और कन्नड़ भाषा में भी देखने को मिलेगी। इस फिल्म को सांकेतिक भाषा में भी रिलीज किया जा रहा है।

बेटी की शादी पर आया सुनील शेट्टी का बयान, कहा- मुझे केएल राहुल पसंद...चाहता हूं वे डिसीजन लें...

बॉलीवुड अभिनेत्री सुनील शेट्टी की बेटी और अभिनेत्री आथिया शेट्टी इन दिनों फिल्मों से अधिक अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्ख़ियों में बने हुए है।। कई दिनों से अफवाह है कि वह जल्द ही इंडियन क्रिकेट टीम के उपकप्तान केएल राहुल संग विवाह के बंधन में बंधने वाली है। केएल राहुल अथिया लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अब फैंस को उनके विवाह की प्रतीक्षा कर रहे है। रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों इस साल के अंत तक विवाह कर पाएंगे। वहीं अब इस खबरों पर सुनील शेट्टी का बयान भी आ चुका है। सुनील ने बोला है कि मेरी बेटी एक न एक दिन शादी अवश्य करने वाली है। मुझे केएल राहुल बहुत पसंद है। इसी के साथ ही उन्होंने तंबाकू के ऐड पर भी रिएक्ट भी कर चुके है। शादी की खबरों पर सुनील ने कहा-अथिया मेरी बेटी है और वह एक न एक दिन शादी जरूर करेंगी। मैं चाहता हूं कि मेरे बेटे की भी शादी हो जाए, जितनी जल्दी हो उतना अच्छा। यह उनकी पसंद है। जहां तक केएल राहुल की बात है तो मैं उस लड़के को पसंद करता हूं। यह उन्हें तय करना है कि वे क्या करना चाहते हैं क्योंकि समय बदल गया है। मेरी बेटी और बेटा दोनों ही अब जिम्मेदार हो गए हैं। मैं चाहता हूं कि वह डिसीजन लें, मेरा आशीर्वाद हमेशा उनके साथ है। विवाह की दिनांक को लेकर भले ही सुनील ने कुछ नहीं बोला है। लेकिन इस बात की तो कन्फर्मेशन हो चुका है कि केएल राहुल अथिया शेट्टी दोनों एक दूसरे को कुछ सालों से डेट कर रहे हैं। राहुल और अथिया की पहली मुलाकात के बारें में बात की जाए तो दोनों एक कॉमन फ्रेंड के माध्यम से।

खेल

451 रन बना चुके हैं राहुल, 23 विकेट के साथ पर्पल कैप होल्डर हैं चहल

मुंबई। आज लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में मुकाबला खेला जाएगा। लखनऊ ने 12 मुकाबले खेल कर 8 में जीत हासिल की है और वह पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर मौजूद है। उसका नेट रनरेट भी +0.385 है। राजस्थान की टीम ने 12 मुकाबलों में 7 जीते हैं और उसका नेट रनरेट +0.228 है।

दोनों ही टीमें प्लेऑफ की बड़ी दावेदार हैं। LSG और RR के पास फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों की फौज है। ऐसे में मुकाबला दिलचस्प होने की पूरी उम्मीद है। आइए, जानने का प्रयास करते हैं किन खिलाड़ियों को टीम का हिस्सा बनाकर अधिक फैंटेसी पॉइंट्स जीते जा सकते हैं। जोस बटलर, केएल राहुल और संजू सैमसन विकेटकीपर के तौर पर टीम का हिस्सा बनाए जा सकते हैं। बटलर इस सीजन लगातार धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं। ऑरेंज कैप सिर पर सजाए बटलर फिर एक बार दम दिखा सकता हैं।

जोस बटलर के बाद IPL में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज केएल राहुल हैं। उनकी आमने-सामने की टक्कर आपको फैंटेसी पॉइंट्स जिता सकती है। संजू सैमसन बेहतरीन टच में नजर आए हैं। आज वह टॉप ऑर्डर में खेलते हुए रनवर्षा कर सकते हैं।

दीपक हुड्डा, मार्कस स्टोइनिस और देवदत्त पडिक्कल बल्लेबाजों के रूप में उपयोगी साबित हो सकते हैं। दीपक लखनऊ के लिए फर्स्ट डाउन खेलते हुए बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। बड़े शॉट खेलने में माहिर यह खिलाड़ी काफी पॉइंट्स दिला सकता है। मार्कस स्टोइनिस मिडिल ऑर्डर में गेम फिनिश कर रहे हैं। राजस्थान के खिलाफ वह एक और ताबड़तोड़ पारी खेल सकते हैं। देवदत्त पडिक्कल इस सीजन बेहतरीन टच में दिखे हैं। उनके बल्ले से एक और बार रन निकल सकते हैं। आर अश्विन और जेसन होल्डर को बतौर ऑलराउंडर टीम में शामिल किया जा सकता है। अश्विन पर राजस्थान काफी भरोसा कर रही है और उन्हें टॉप आर्डर में बैटिंग करा रही है। लास्ट मैच में उन्होंने अपनी टी-20 करियर की पहली फिफ्टी जड़ी थी।

बीकेटी ने लालिगा के साथ अपनी साझेदारी को बरकरार रखा

नयी दिल्ली । यह फुटबॉल नहीं, यह लालिगा है। - एक ऐसी प्रतियोगिता जहाँ दुनिया के प्रमुख क्लब एक-दूसरे को ललकारते हैं, जहां फुटबॉल के सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी - सभी समर्पित दीवानों द्वारा प्रशंसित और उनकी प्रेरणा के स्रोत सितारे खेलते हैं। लेकिन यह जबरदस्त भावनाओं का भी स्रोत है क्योंकि लालिगा दुनिया में सबसे अधिक देखी जाने वाली चैंपियनशिप है। यह एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसकी पहुंच पूरी दुनिया में है और जो प्रतिभा तथा प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है।

इन्ही कारणों से बीकेटी ने ला लिगा दे फुतबॉल प्रोफेशनल (लालिगा) के साथ साझेदारी को बिना किसी संकोच के जारी रखने का फैसला किया है। यह 2024/2025 सीजन के अंत तक लालिगा का आधिकारिक सहयोगी बना रहेगा। यह एक जबरदस्त गठबंधन है जिसके सहारे बीकेटी फुटबॉल के प्रदर्शन के साथ दुनिया के कोने-कोने में हर घर तक पहुंचता है। बीकेटी ऑफ-हाईवे टायरों की विशेषज्ञ एक भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है। यह अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में अलग-अलग खेलों के अनेक चैंपियनशिप के प्रायोजक के रूप में अनेक वर्षों से विख्यात है। फुटबॉल (सॉकर) के अलावा बास्केटबॉल, क्रिकेट और रग्बी में भी यह सहयोग करती रही है। इस कंपनी का मानना है कि खेल अनेक प्रकार की संभावनाओं का अत्यंत प्रभावशाली साधन है।

एक नजर

अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह चोट के कारण एशिया कप से बाहर

बेंगलुरू । भारत के दिग्गज ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह इंडोनेशिया के जकार्ता में 23 मई से शुरू होने वाले हीरो पुरुष एशिया कप से चोट के चलते बाहर हो गये हैं।

20-सदस्यीय टीम के कप्तान चुने गये रूपिंदर को ट्रेनिंग सेशन के दौरान कलाई में चोट आई है। 10 दिन बाद शुरू होने वाले टूर्नामेंट में नीलम संजीप खेस उनकी जगह लेंगे।

साथ ही रूपिंदर की गैरमौजूदगी में अनुभवी डिफेंडर बीरेंद्र लाकड़ा कप्तान की जिम्मेदारी निभायेंगे, जबकि फॉरवर्ड एसवी सुनील टीम के उप-कप्तान रहेंगे।

भारतीय टीम के कोच बीजे करियप्पा ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रूपिंदर को ट्रेनिंग सेशन के दौरान चोट लग गई है और वह हीरो एशिया कप का हिस्सा नहीं बनेंगे। बीरेंद्र और सुनील दोनों काफी अनुभवी हैं और कई वर्षों से नेतृत्व समूह का हिस्सा हैं। हम रूपिंदर की कमी महसूस करेंगे, मगर हमारे पास पूल में बहुत सारे विकल्प उपलब्ध हैं। हमारे पास खिलाड़ियों का एक बहुत ही प्रतिभाशाली समूह है, और वे इस अवसर का उपयोग करने के लिए उत्सुक हैं।

विश्वनाथन आनंद फिडे के उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगे

चेन्नई । पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद को अंतरराष्ट्रीय शतरंज संघ (फिडे) के उपाध्यक्ष के पद के लिये उम्मीदवार घोषित किया गया है। आनंद का नाम फिडे के अध्यक्ष आरकेडी वारकोविच की अध्यक्ष टीम के हिस्से के रूप में घोषित किया गया है। आनंद ने इस बारे में ट्वीट करते हुए कहा, शतरंज के उज्जवल और बेहतर भविष्य का हिस्सा बनने की आशा करता हूं।

ट्वीट में कहा गया कि यदि वोरकोविच अगस्त 2022 में (विश्व चेस ऑलंपियाड के दौरान) चेन्नई में होने वाले फिडे चुनाव जीत जाते हैं तो विश्वनाथन आनंद फिडे के उपाध्यक्ष बन जाएंगे।

इस बारे में वोरकोविच ने कहा, प्रिय साथियों और शतरंज खेलने वाले मित्रों, फाइड अध्यक्ष चुनावों के लिये मैं खुशी के साथ अपनी मौजूदा टीम प्रस्तुत करना चाहूंगा। आरकेडी वोरकोविच- अध्यक्ष, विश्वनाथन आनंद- उपाध्यक्ष (डिप्टी प्रेसिडेंट), ज्हू चेन-कोषाध्यक्ष, जोरियान ऑलिन जैनसन- उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट), माहिर मामेदोव- उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट)। उल्लेखनीय है कि आनंद ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह चुनाव में वोरकोविच का पूर्ण समर्थन करेंगे।

इंग्लैंड की टेस्ट टीम को फ़र्श से उठाना असली चुनौती : मैकुलम

मुम्बई । इंग्लैंड के नए टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा है कि सफ़ेद गेंद टीमों को संभालने के आरामदेय काम से इतर उन्होंने इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट को फ़र्श से उभारने की ज़िम्मेदारी को पसंद किया। मैकुलम के नियुक्ति की घोषणा की गई और वह कोलकाता नाइट राइडर्स के आईपीएल अभियान की समाप्ति के तुरंत बाद न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ 2 जून से होने वाली सीरीज़ से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा, मैंने दोनों भूमिकाओं को देखा लेकिन सफ़ेद गेंद के कोच की भूमिका मुझे रास नहीं आई।

73 साल बाद भारत ने बैडमिंटन में रचा इतिहास

बैंकॉक। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने रविवार को इतिहास रच दिया। टीम ने 73 साल में पहली बार थॉमस कप जीता, वो भी उस इंडोनेशिया को हराकर, जिसने 14 बार इस खिताब को हासिल किया है। भारत ने इंडोनेशियाई दल को 3-0 से मात दी। भारत इस टूर्नामेंट में पहली बार फाइनल खेल रहा था। 5 मैचों की इस जंग में भारत ने 2 सिंगल्स और एक डबल्स मैच जीता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय टीम को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दी है।

इससे पहले फाइनल के दूसरे मुकाबले में सिंगल्स जीतने बाद डबल्स मैच जीता। चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी की भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाया फिर दूसरा और तीसरा गेम जीत मुकाबला अपने नाम किया। पहले सिंगल्स में लक्ष्य सेन ने एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग को 8-21, 21-17, 21-16 से हराया। पहले गेम में लक्ष्य को एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग से 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। एक समय मुकाबला 8-7 पर था, लेकिन इसके बाद एंथोनी ने लगातार 12 पॉइंट बनाकर लक्ष्य को पूरी तरह मुकाबले से बाहर कर दिया। उन्होंने सिर्फ 16 मिनट में गेम को अपने नाम करके बढ़त बनाई।

16 साल बाद जीता 150 साल पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट, चेल्सी को शूटआउट में 6-5 से हराया

नई दिल्ली । 90 हजार दर्शकों से भरे वेंमबले स्टेडियम में रविवार का दिन लिवरपूल के नाम रहा। इस इंग्लिश क्लब ने फुटबॉल के सबसे पुराने टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। उसने 2006 के बाद 150 साल पुराने टूर्नामेंट का खिताब जीता है। इस जीत के साथ ही लिवरपूल ने चेल्सी से दस साल पहले 2011-12 के सीजन में मिली हार का बदला भी ले लिया है। डेढ़ घंटे से अधिक चले इस मुकाबले को लिवरपूल ने 6-5 से जीता। उसने चेल्सी को पेनाल्टी शूटआउट में परास्त किया। चेल्सी ने लगातार तीसरे सीजन में फाइनल मुकाबला गंवाया है। वह लगातार तीन सीजन में रनर्स ट्रॉफी से संतोष करने वाला पहला क्लब बना है। चेल्सी अब तक आठ खिताब हार चुका है। इस टूर्नामेंट को फुटबॉल के सबसे पुराने टूर्नामेंट का दर्जा प्राप्त है। स्टार फुटबॉलर से सजी लिवरपूल की टीम ने आठवीं बार एफए कप का खिताब जीता है। वह 1964-65, 1973-74, 1985-86, 1988-89, 1991-92, 2000-01, 2005-06 में चैंपियन बना था। जबकि सात दफा उसे रनर्स अप ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा था। टीम 15वीं बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेल रही थी।

भाजपाई कार्यकर्ता 16 मई को कलेक्ट्रेट में करेंगे प्रदर्शन

बिलासपुर । कांग्रेस सरकार द्वारा जन आंदोलन को कुचलने के लिए लाए गए काले कानून के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता 16 मई सोमवार को प्रात: 10 बजे तहसील कार्यालय के सामने घड़ी चौक में एकत्र होकर जिलाधीश कार्यालय कलेक्ट्रेट जाकर प्रदर्शन करेंगे, जिसकी तैयारियों के लिए बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक भाजपा कार्यालय करबला बिलासपुर में आहूत की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार पूरे प्रदेश में भय का वातावरण बनाकर लोगों के मौलिक अधिकार छीनने का प्रयत्न कर रही है। 16 तारीख को इस अत्याचारी, दमनकारी, लोकतंत्र विरोधी सरकार के विरुद्ध विद्रोह का शंखनाद करना है। प्रदेश की सरकार डरी हुई है जो अपने विरुद्ध होने वाले किसी भी आंदोलन को कुचलने के लिए विभिन्न कुप्रयास कर रही है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के 3 वर्षों में जनता को वादाखिलाफी, झूठ, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं मिला। अब जनता पूछ रही है कि जो वादे करके कांग्रेस सत्ता में आई थी वह कहां हवा हो गए। यह सरकार जनता की सवालों से डरकर काला कानून लेकर आई है। इसके विरोध में भाजपा 16 मई को भाजपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुँचकर प्रदर्शन करेंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत ने बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं से आव्हान करते हुए कहा कि 16 मई को प्रात: 10 बजे तहसील कार्यालय के सामने घड़ी चौक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर जिलाधीश कार्यालय कलेक्ट्रेट पहुँचकर भूपेश सरकार द्वारा लाए गए काला कानून का पूरजोर विरोध करेंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से किशोर राय, उमाशंकर जायसवाल, गुलशन ऋषि, अशोक विधानी, मनीष अग्रवाल, प्रबीरसेन गुप्ता, राजेश मिश्रा, विजय सिंह, महेश चंद्रिकापुरे, उदय मजूमदार, विजय ताम्रकार, राजेश सिंह, बंधु मौर्य, निखिल केशरवानी, जयश्री चौकसे, सुनीता मानिकपुरी, पल्लव धर, चंद्रप्रकाश मिश्रा, जुगल अग्रवाल, अजीत सिंह भोगल, अरविंद बोलर, संदीप दास, धीरेन्द्र केशरवानी, डीके साहू, अमित चतुर्वेदी, लक्ष्मीनारायण कश्यप, नारायण गोस्वामी, अमित तिवारी, बी.वल्लभ राव, शेखर पाल, प्रकाश यादव, कमल जैन, हशमुख भाई कोठारी, बबलु पमनानी, मोतीराम गंगवानी, रेणुका नागपुरे, विरेन्द्र चौधरी, अनुज टंडन, विजय यादव, संजय यादव, राजेश पाण्डेय, पुष्पा तिवारी, योगेश बोले, दिनेश देवांगन, बल्लू हरियाणी, आनंद तिवारी, कमल छाबड़ा, गोपी ठारवानी, कमल कौशिक, सुब्रत दत्ता, प्रदीप शुक्ला, उमेश यादव, गणेश रजक, दीपक साहू, केदार खत्री, सुकांत वर्मा, किशोर यादव, नारायण कुर्रे, रोहित मिश्रा, महर्षि बाजपेयी, मोनू रजक, रमेश जायसवाल, राजेश बंजारे, प्रशांत कश्यप, स्नेहलता शर्मा, शोभा कश्यप, रजनी यादव, चंदना गोस्वामी, प्रभा दुबे, निरजा सिन्हा, दीपशिखा यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

एक नजर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किया दसवीं और बारहवीं का परिणाम

मेरिट लिस्ट में बिलासपुर के 8 बच्चे शामिल – नगर विधायक शैलेष पांडेय ने फोन कर दी बधाई

बिलासपुर । छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। नगर विधायक शैलेष पांडेय ने मेरिट लिस्ट में बिलासपुर जिले के शामिल 8 बच्चों से फोन में बात कर बधाई दी। कक्षा 10वीं में होली क्रॉस हायर सेकेंडरी स्कूल मंगला के छात्र जयप्रकाश कश्यप ने 98.17% के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है।भारत माता हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा हेमांगी हलदर ने 97.67त्न के साथ पांचवा, गुरुकुल विद्या मंदिर के छात्रा समीक्षा देवांगन ने 97.33 % के साथ सातवां, सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र चंद्रकांत श्रीवास ने 97.00% के साथ नवां, एमजीएम इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा भूमिका पटेल ने 96.83% के साथ दसवां, स्थान प्राप्त किया है। सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा खुशबू वाधवानी ने कक्षा 12वीं की मेरिट लिस्ट में 96.40% के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है वही बिलासपुर पब्लिक स्कूल सरकंडा की छात्रा निशा दुबे ने 94.40% लाकर 9वां स्थान प्राप्त किया है। गुरुकुल हायर सेकेंडरी स्कूल तखतपुर की छात्रा मानसी साहू ने 94.20% के साथ 10वां स्थान प्राप्त किया। विधायक शैलेष पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड की कक्षा 10 वीं, 12 वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों और को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। ऐसे विद्यार्थी जो अपनी अपेक्षा अनुरूप परिणाम न ला पाए हो, वे निराश न हो, सकारात्मक ऊर्जा के साथ आप पुन: प्रयास करें।

मुख्यमंत्री मितान योजना से राजनांदगांव में जनसामान्य को घर पहुंच सेवा का मिल रहा लाभ

राजनांदगांव । शासन द्वारा प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री मितान योजना से राजनांदगांव में जनसामान्य को घर पहुंच सेवा का लाभ मिल रहा है। टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल कर जिले में नागरिक रूचि लेकर इस अभिनव योजना का लाभ ले रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 मई 2022 से मितान योजना प्रारंभ की थी। जिसके अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में निवासरत नागरिकों को वर्तमान में 13 लोक सेवाएं आसान घर पहुंच सेवा मितान के माध्यम से प्रदान की जा रही है। विशेषकर बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के लिए यह सुविधा लाभकारी है।

बर्फानी मार्ग निवासी मती इंदु यादव ने अपनी दुकान एवं स्थापना से संबंधित पंजीयन का प्रमाण पत्र इस योजना के तहत मितान से प्राप्त किया। मती इंदु यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री की यह योजना बहुत अच्छी लगी। जिससे घर पर ही आवश्यक प्रमाण पत्र मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस योजना का लाभ लेंगी। तुलसीपुर निवासी अभय वास्तव ने कहा कि उन्होंने अपनी 4 माह की बिटियां शुभांषी वास्तव के लिए जन्म प्रमाण पत्र इस योजना के अंतर्गत बनवाया है। शासन की यह योजना बहुत अच्छी योजना है। अब जन्म प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों के लिए भागदौड़ करने की जरूरत नहीं है और लोगों को घर पहुंच सेवा मिल रही है। इसी तरह ममता नगर राजनांदगांव के योगेश कुमार साहू ने अपने पुत्र अनिकेत साहू का जन्म प्रमाण पत्र मितान ने उनके घर जाकर दिया। रामाधीन मार्ग स्थित अमन बावनकर को उनकी दुकान एवं स्थापना पंजीयन से संबंधित प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी, जिसे मितान ने उनके घर जाकर दिया। मितान विनय साहू ने कहा कि सेवा के इस कार्य के माध्यम से हमें बहुत कुछ सीखने मिल रहा है। पूरी ऊर्जा एवं लगन के साथ वे यह कार्य कर रहे हैं। मितान विशाल साहू भी उनके साथ इस कार्य से जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत 13 तरह की विभिन्न सुविधाओं का लाभ लोग घर बैठे ले सकते हैं। जिसमें नगर पालिक निगम राजनांदगांव से जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, दुकान एवं स्थापना पंजीयन व गुमास्ता लाइसेंस कुल 7 सेवाओं का लाभ मिलेगा। जिला राजस्व कार्यालय से मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, नकल भूमि दस्तावेज हेतु व भूमि की जानकारी सहित कुल 6 सेवाओं का लाभ दिया जाएगा। टोल फ्री नंबर 14545 पर फोन कर आवेदन किया जा सकता है। फोन आते ही नगर निगम से नियुक्त मितान आवेदक के घर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज लेंगे और और संबंधित कार्यालय से प्रमाण पत्र बनवाकर उनके घर पहुंचाएंगे।

धन-वापसी के लिए मूल प्रमाणपत्र 30 जून तक जमा करना अनिवार्य : लोढ़ा कमेटी

पात्र निवेशकों को एसएमएस संदेश आने पर भेजना होगा प्रमाण पत्र

बिलासपुर । पीएसीएल कम्पनी से धन वापसी के लिए निवेशकों को अपना मूल पंजीयन प्रमाण पत्र जमा करना होगा। पीएसीएल से सम्बंधित जस्टिस (सेवानिवृत्त) आर.एम.लोढ़ा समिति ने धन वापसी के लिए मूल प्रमाण पत्र मंगाने का निर्णय लिया है। समिति की ओर से ऐसे निवेशकों को एसएमएस जायेगा, तब वे इस साल 30 जून 2022 तक मुम्बई के पते पर प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करेंगे। प्रमाण पत्र भेजने का पता- पोस्ट ऑफिस बॉक्स नम्बर 66, बेलापुर पोस्ट ऑफिस नवी मुम्बई -400614 है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय बिलासपुर से इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जस्टिस लोढ़ा समिति ने पीएसीएल से धन वापसी के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। जिसके अनुसार उन पात्र निवेशकों से पीएसीएल के मूल रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र मंगाने का निर्णय लिया है जिनके दावे की रकम 10,001रुपये से 15,000 रुपये तक की है और जिनके आवेदनों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया जा चुका है। इस उद्देश्य के लिए पात्र निवेशकों को समिति की ओर से एसएमएस संदेश भेजा जाएगा जिसमें उनसे पीएसीएल के मूल रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने को कहा जायेगा। बताया गया कि पीएसीएल के जिन निवेशकों को समिति की ओर से ऐसा संदेश मिले जिसमें उनसे पीएसीएल द्वारा जारी गए मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने को कहा जाए, वे निवेशक कृपया अपने मूल प्रमाणपत्र उपरोक्तानुसार अंकित पते पर 30 जून को शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से भिजवाएं। निवेशक लिफाफे में केवल पीएसीएल के मूल प्रमाणपत्र ही भिजवाएँ और लिफाफे पर प्रमाणपत्र संख्या अवश्य लिखी जाए। एक लिफाफे में पीएसीएल का केवल एक ही मूल प्रमाणपत्र भिजवाया जाए। इसके अलावा, निवेशकों को इस बात के लिए भी आगाह किया जाता है कि वे पीएसीएल के रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियां किसी को भी न दें, जब तक कि इस संबंध में उन्हें समिति की ओर से ऐसा कोई एसएमएस संदेश प्राप्त न हो जाए, जिसमें उनसे प्रमाणपत्रों की मूल प्रतियाँ प्रस्तुत करने को कहा जाए।

आग बुझाने के दौरान हुआ ब्लास्ट

कॉन्स्टेबल की अंगुली कटी और जबड़े में भी आई चोट; 2 फायरकर्मी भी हुए जख्मी

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के बालोदबाजार जिले में रविवार को कुछ दुकानों में लगी आग बुझाने की कोशिश में एक पुलिस कॉन्स्टेबल गंभीर रुप से घायल हो गये। बताया जा रहा है कि इस अगलगी के दौरान एक धमाका हो गया। इस धमाके में पुलिस कॉन्स्टेबल की एक अंगुली उखड़ गई और उनके जबड़े में भी गंभीर चोट आई है। आग बुझाने की कोशिश में दो फायरकर्मी भी घयाल हो गये।

एसएसपी दीपक कुमार ने बताया कि कसडोल शहर में सुबह करीब 3 बजे निगम कार्यालय के पास करीब 6 दुकानों में आग लग गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस और 5 कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। यह जगह राजधानी रायपुर से करीब 90 किलोमीटर दूर है।

पुलिस के मुताबिक, जब वो आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे तब हीं गैस वेल्डिंग के दुकान में रखे गैस सिलिंडर में आग लगी और जोरधार धमाका हो गया। जिसकी वजह से कॉन्स्टेबल जीवन पाल्टे की एक अंगुली उड़ गई और उनके जबड़े में भी गंभीर चोट आई। घायल कॉन्स्टेबल को रायपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों घायल फायरकर्मियों को भी इलाज के लिए कसडोल स्थित हेल्थ सेंटर में भर्ती करवाया गया है। इनकी हालत अभी स्थिर बताई जा रही है। करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है।

छत्तीसगढ़ अब श्रीलंका की राह पर

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक बोले- कर्ज का बढ़ता बोझ दे रहा है ऐसा ही संकेत...

बिलासपुर । नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अब श्रीलंका की राह पर है। छत्तीसगढ़ में भी लगातार कर्ज का बोझ बढ़ते जा रहा है। अब तक 51 हजार करोड़ का कर्जा सरकार ने ले ली है। श्रीलंका भी इसी तरह कर्ज लेती रही। इसी राह पर छत्तीसगढ़ चल रही है। प्रदेश की आय बढ़ाने को लेकर कोई काम नहीं किए जा रहे हैं। कांग्रेस की चिंतन शिविर को लेकर कहा कि ये चिंतन शिविर नहीं बल्कि चिंता शिविर है। कांग्रेस आज अपने अस्तित्व को बचाने में लगी हुई है। सभी जगहों पर कांग्रेस की स्थिति खराब है। पिछले चुनावों में देश भर में कही भी कांग्रेस की जीत नहीं हुई है। स्वामी आत्मानंद स्कूल को लेकर कहा कि आज तक स्कूल की बिल्डिंग नहीं बन पाई है, शिक्षकों की भर्ती नहीं हो पाई है, ये स्थिति है। वहीं 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम को लेकर नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई और टॉप 3 में आने वाली युवतियों को शुभकामनाएं दी। अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को आगे और मेहनत करने की सलाह दी है।

आबकारी इंस्पेक्टर पर लगा आरोप

झूठा केस बना भेजा था जेल और हो गई मौत

बिलासपुर । बिलासपुर सेंट्रल जेल में बंद युवक की संदिग्ध मौत के बाद मृतक के स्वजनों ने आरोप लगाया है कि आबकारी विभाग के एक इंस्पेक्टर ने झूठे केस में फंसाकर छोटे लाल यादव को जेल भेजा था। जबकि उसके पास से शराब मिली ही नहीं थी, जहां उसकी मौत हो गई। रविवार को मृतक के स्वजनों ने पचपेड़ी थाने में वर्मा के खिलाफ शिकायत की है। मस्तूरी के चिल्हाटी के रहने वाले दिलहरण यादव पिता चैतू राम यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके छोटे भाई चैतू लाल यादव के घर में 10 मई की सुबह आठ बजे आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर समेत 15 सिपाही घुस गए। सभी कमरे की तलाशी ली, लेकिन शराब नहीं मिली। इसके बाजवूद आबकारी इंस्पेक्टर ने जबरन शराब बेचते हो कहते हुए



धक्का मारते हुए चैतू को साथ ले गए। अपने कब्जे में लेकर इंस्पेक्टर ने उसके साथ जमकर मारपीट की। जबरन 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार करने का झूठी केस बनाकर उसे जेल भेज दिया था। मारपीट से अंदरूनी रूप से गंभीर चोट आई थी। इसके चलते चैतू की मौत हो गई। स्वजनों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सेंट्रल जेल प्रबंधन ने शव को सिम्स के मोर्चरी में सुरक्षित रखा है। इस मामले की न्यायिक दंडाधिकारी जांच होगी। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा । जेल घेराव करेंगे स्वजन = युवक की मौत के बाद स्वजन व गांव वाले आक्रोशित हैं। आबकारी इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से स्वजन सेंट्रल जेल का घेराव करने पहुंच रहे हैं। इस दौरान दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग करेंगे। आरोप है कि आबकारी इंस्पेक्टर शराब बेचने के झूठे केस में फंसाने की धमकी देता रहता है। इससे गांव वाले बहुत परेशान हैं। इस मामले में आबकारी इंस्पेक्टर का पक्ष जानने के लिए फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

छत्तीसगढ़ की बेशकीमती ड्राईफ्रूट चिरोंजी फसल को भारी नुकसान, पेड़ों की अवैध कटाई पड़ा असर

जशपुर । छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के जंगलों से मिलने वाली बेशकीमती ड्राईफ्रूट चिरोंजी के ज्यादातर पेड़ अवैध कटाई और आग की भेंट चढ़ जाने से गरीब तबके के वनोपज संग्राहक काफी मायूस हो गए हैं। पूर्व मंत्री गणेश राम भगत ने रविवार को कहा कि जशपुर वन मंडल में अवैध कटाई और जंगलों में आग की लगातार घटनाओं से इस वर्ष गरीब परिवार के लोगों के जीवनयापन का सबसे बड़ा सहारा चिरोंजी की फसल पर सबसे ज्यादा बुरा असर पड़ा है।

भगत ने कहा कि जंगलों से वनोपज एकत्रित करने वाले गरीब परिवार के लोग चिरोंजी वनोपज को बड़े व्यापारियों के पास बेचने के बाद यहां के जंगलों से संग्रहण की गई सैकड़ों क्विंटल चिरोंजी की फसल को देश के महानगरों के साथ विदेशों में भी निर्यात किया जाता है।

लेकिन इन दिनों जशपुर वन मंडल के जंगलों में चिरोंजी के पेड़ आग की लपटों से बर्बाद हो गए हैं, जिसने वनोपज संग्रहण करने वाले हजारों गरीबों को मायूस कर दिया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय बाजार में एक हजार रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक भाव पर बिकने वाली चिरोंजी को स्थानीय व्यापारी हाथों हाथ खरीद लेने के चलते ग्रामीणों को इस फसल का बेकरारी से इंतजार रहता है।

अवैध कटाई से हो रहा भारी नुकसान

भगत ने कहा कि अपने आसपास के जंगलों से इस वनोपज को संग्रहण कर प्रत्येक गरीब परिवार का सदस्य 30 से 40 हजार रुपये की अतिरिक्त आमदनी कर लेता था। उन्होंने कहा कि दरअसल जशपुर वन मंडल के जंगलों में लगातार अवैध कटाई से 2 लाख हेक्टेयर में फैली हरियाली का रकबा आधा से भी कम हो गया है। उन्होंने कहा कि यहां के जंगलों में गर्मी के मौसम में भीषण आग पर काबू नहीं पाने से चिरोंजी, महुआ, तेन्दू वनोपज के पेडों को काफी नुकसान पहुंचाने के अलावा जंगलों में अवैध कटाई से जंगलों को काफी नुकसान पहुंचा है।

किसानों की आय नहीं कर्जा हुआ डबल, चिंतन शिविर में मोदी सरकार पर निशाना

पूर्व मंत्री ने कहा कि पत्थलगांव, कुनकुरी क्षेत्र के सागौन जंगलों के अलावा बादलखोल अभ्यारण्य और कैलाश गुफा की पहाड़ियों पर हरे भरे पेडों की अवैध कटाई से इन जंगलों में चिरोंजी के पेड़ लुप्त हो गये हैं, जिसने वनोपज संग्राहकों की चिंता बढ़ाई है।

निगम की बद इंतजामी का शिकार हो रहे शहरवासी, जल संकट दूर करने में नगर निगम फेल

बिलासपुर । मई के दूसरे सप्ताह में जलसंकट विकराल रूप धारण कर चुका है। नगरीय सीमा में रहने वाली आधी आबादी किसी न किसी रूप में पानी संकट का सामना कर रही है। तकरीबन एक दर्जन से ज्यादा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां हर साल संकट की स्थिति बनी हुई है और लोगों को बूंद—बूंद पानी के लिए जद्दोजहद करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस बार भी हर बार की तरह निगम का दावा फेल हो गया है। निगम तमाम कोशिशों के बाद भी लोगों को राहत नहीं दे पा रहा है। निगम की बदइंतजामी का आलम यह है कि कई क्षेत्रों में लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है।

शहर अंतर्गत राजकिशोर नगर अटल आवास आर ब्लॉक व क्यू ब्लाक में दो दिन से पानी नहीं आ रहा, तालापारा, कुदुदंड, तारबाहर, सिरगिट्टी, शांतिनगर, तिफरा, तोरवा, देवरीखुर्द, लालखदान, जरहाभाठा, मिनी बस्ती, नया पारा, जूना बिलासपुर, जोरापारा,

चिंगराजपारा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां हर बार गर्मी में पानी की समस्या होती है। ये क्षेत्र दो दशक से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं अब मई का महीना आ चुका है। इस माह में जलसंकट अपने चरम पर आ चुका है। ऐसे में हर रोज किसी न किसी क्षेत्र में पानी की समस्या हो रही है।

मौजूदा समय में कही टंकी का वाल्व खराब हो जा रहा है, तो कहीं नलों की धार कम हो जा रही है। बोर खराब हो रहे तो कहीं बोर सूख जा रहे हैं। बीते बुधवार से तालापारा और तारबाहर में जलसंकट अपने चरम पर है। ऐसे में क्षेत्र के हजारों घरों में पानी नहीं पहुंचा है। इसी तरह रोजाना किसी न किसी क्षेत्र में पानी सप्लाई बाधित रही है। वहीं चिंगराजपारा, कुदुदंड, जरहाभाठा मिनी बस्ती में औसत समय से भी कम पानी दिया गया है।

तिफरा, देवरीखुर्द, नयापारा में जितने समय भी पानी सप्लाई हुई है उसमे भी नलों की धार पतली आ रही है। आलम यह रहा है कि एक बाल्टी भरने में ही 15 से 20 मिनट तक का समय लग गया है। ऐसा हाल रोजाना किसी न किसी क्षेत्र में हो रहा है। समय पर समस्या दूर करने में भी निगम विफल हो जा रहा है। इसका खमियाजा तपती धूप व गर्मियों में पानी की किल्लत के रूप में शहरवासियों को सहना पड़ रहा है। इसके बाद भी निगम इन समस्याओं को दूर नहीं कर पाया है। निगम का जल अमला हाथ पर हाथ धरे बैठा हुआ है।

कई क्षेत्रों में पीने लायक नहीं है पानी =

जोरापारा सरकंडा, तालापारा, जरहाभाठा मिनी बस्ती और राजकिशोर नगर में पानी की सप्लाई तो हो रही है। लेकिन, रहवासियों को मटमैला पानी आने की शिकायत है जो पीने योग्य नहीं है। मटमैला पानी आने की मुख्य वजह पाइपलाइन में लीकेज होना और इन पाइपलाइन का नालियों के अंदर से होकर गुजरना बना है। इस समस्या को भी दूर करने में निगम विफल हो गया है।

दूरस्थ अंचल क्षेत्रों में हैंडपंप सुधार कार्य में महिला तकनीशियनों की भूमिका सराहनीय है

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देश में जिले के 08 विकासखण्डों के 444 पंचायतों में सभी 756 ग्रामों एवं 5447 बसाहटों में 16586 हैण्डपपों तथा 101 नलजल योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुलभ कराया जा रहा है। सभी ग्रामवासियों को लगातार पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल सुलभ होता रहे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर हैण्डपंप संधारण का कार्य किया जा रहा है। जिले में स्वीकृत 48 हैण्डपंप तकनीशियनों के विरूद्ध मात्र 22 हैण्डपंप तकनीशियन ही कार्यरत हैं। कार्यक्षेत्र विस्तृत होने तथा हैण्डपंपों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के उपरान्त भी हैण्डपंप खराबी की सूचना प्राप्त होने पर हैण्डपंप तकनीशियन सुधार कार्य हेतु तत्काल रवाना हो जाते हैं। हैण्डपंप सुधार कार्य में महिला हैण्डपंप तकनीशियनों का कार्य भी सराहनीय है। सभी तकनीशियन भीषण गर्मी का परवाह न करते हुए लोगों को पीने के पानी की समस्या न होए का ध्यान रखते हुए लगातार काम कर रहे हैं।

जिले के विभिन्न विकासखण्डों के 109 ग्रामों के 139 बसाइटों में स्थापित 189 नग हैण्डपंपों में ग्रीष्म ऋतु में जल स्तर नीचे जाने के कारण कम पानी आने की शिकायतें आती हैं। वर्तमान में जिले का औसत जल स्तर लगभग 12001 मीटर है। जिले के जशपुर मनोरा तथा पत्थलगांव विकासखण्ड में अन्य विकासखण्डों की तुलना में जल स्तर नीचे जाने की शिकायत अधिक है। जल स्तर नीचे जाने वाले हैण्डपपों में राईजर पाईप की लम्बाई बढ़ाकर चालू किया जा रहा है। ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को ठीक रखने में ग्राम पंचायतों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। हैण्डपंप के चारों ओर बनाया गया प्लेटफार्म एवं नाली न टूटे तथा हैण्डपंप के आसपास गन्दे पानी का जमाव न हो ताकि गंदगी न फैले तथा मच्छर मक्खी न हो इसलिए ग्राम पंचायतों को हैण्डपप के चारों ओर तथा गड्ढों में मुरूम डलवाना चाहिए। जिससे कि पेयजल स्त्रोत सुरक्षित हो तथा ग्राम भी साफसुथरा लगे। पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सभी ग्रामों में 05-05 महिलाओं को चिन्हित कर उन्हें फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से स्थल पर ही जल परीक्षण किये जाने हेतु प्रशिक्षित किया गया है। अब तक जिले में 53103 नग जल परीक्षण फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से किया जा चुका है। जिले में स्थापित सभी हैण्डपंपों तथा अन्य पेयजल स्त्रोतों का मानसून के पूर्व तथा वर्षा ऋतु के समाप्ति उपरान्त अर्थात वर्ष में दो बार सोडियम हाइपोक्लोराइड द्वारा निर्जीवीकरण किया जाता है। इसी प्रकार वर्ष में एक बार बैक्टिरियोलॉजिकल परीक्षण किया जाता है। फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल परीक्षण में यदि किसी विशेष पैरामीटर का परिणाम अधिक आता है तो पेयजल का नमूना जिला स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला में लाकर परीक्षण किया जाता है। जिला स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला में सभी पैरामीटर के परीक्षण की सुविधा है तथा कोई भी व्यक्ति निर्धारित राशि का भुगतान कर जल नमूनों की जांच करवा सकता है। शीघ्र ही जिला स्तरीय प्रयोगशाला को एनएएबीएलएन् मान्यता की सम्भावना है। इस हेतु लगभग सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई है। मात्र एलएएबीएलएन् टीम के द्वारा मूल्यांकन किया जाना शेष है।

कलेक्टर की उपस्थिति में कांसाबेल के दोकड़ा, देवरी, चोंगरीबहार व कोरंगा में खण्ड स्तरीय जन चौपाल का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में विगत दिवस को कांसाबेल के दोकड़ा, चोंगरीबहार, कोरंगा व देवरी में खण्ड स्तरीय जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अग्रवाल द्वारा उपस्थित सभी ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि शासन निरंतर लोगों की परेशानियों को दूर करने एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजना संचालित की जा रही है। जिससे समाज के हर वर्ग का व्यक्ति योजना से लाभान्वित हो सके। उन्होंने सभी ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस दौरान कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं ग्रामीणों की परेशानियों को गंभीरता से सुना गया। उन्होंने ग्रामीणों के पेयजल, विभिन्न प्रकार के पेंशन भुगतान, राजस्व प्रकरण जैसे अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी सहित अनेक विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाया गया। जहां ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से सुनते हुए उन्हें योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान कर योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

धान के बदले अन्य फसल लेने किसानों को प्रोत्साहित कर उन्हें ऋण उपलब्ध कराने

सहकारी समितियों में शिविरों का आयोजन 17 से 21 मई तक

धमतरी । धान के बदले अन्य फसल लेने किसानों को प्रोत्साहित कर उन्हें ऋण उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा के निर्देशानुसार जिले में आगामी 17 मई से 21 मई तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। सहकारी समिति स्तर पर आयोजित होने वाले इन 74 शिविरों के जरिए अधिक से अधिक किसानों को धान के बदले अन्य फसल हेतु प्रोत्साहित करने की जिम्मेदारी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण उद्यान अधिकारी एवं सहकारी समिति के अमले की रहेगी। सहकारी स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों में किसानों को तकनीकी ज्ञान एवं प्रक्रियात्मक आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के अलावा वर्मी कम्पोस्ट विक्रय, उर्वरक और बीज का अग्रिम उठाव करने भी प्रोत्साहित किया जाएगा। कलेक्टर ने इन शिविरों में च्वाईस सेंटर के वीएलई को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों का ई-केवायसी सत्यापन किया जा सके । मिली जानकारी के मुताबिक धमतरी विकासखण्ड के ग्राम शंकरदाह, लोहरसी, सोरम, दोनर में 17 मई, खरेंगा, अछोटा, बारगरी, आमदी में 18 मई, बोड़रा, भोथली, कण्डेल, देमार में 19 मई, संबलपुर, लिमतरा, डाही, छाती में 20 मई और ग्राम डोमा, कुरमातराई, कोर्रा तथा तरसींवा में 21 मई को शिविर लगाया जाएगा।

यक एवं कलेक्टर की उपस्थिति में बगीचा के महादेवडांड में खण्ड स्तरीय जन चौपाल का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

विधायक पत्थलगांव रामपुकार सिंह एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में बगीचा विकासखंड के महादेवडांड में खण्ड स्तरीय जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक रामपुकार सिंह एवं कलेक्टर अग्रवाल द्वारा उपस्थित सभी ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि शासन निरंतर लोगों की परेशानियों को दूर करने एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजना संचालित की जा रही है। जिससे समाज के हर वर्ग का व्यक्ति योजना से लाभान्वित हो सके। उन्होंने सभी ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान विधायक एवं कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं ग्रामीणों की परेशानियों को गंभीरता से सुना गया।

उन्होंने ग्रामीणों के पेयजलए विभिन्न प्रकार के पेंशन भुगतान, राजस्व प्रकरण जैसे अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी सहित अनेक विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाया गया। जहां ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से सुनते हुए उन्हें योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान कर योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत् हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर एसडीएम विजय प्रताप खेस्स, जनपद सीईओ विनोद सिंह, तहसीलदार अविनाश चौहान सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

एक नजर

कासांबेल में पालक.-शिक्षक बैठक का हुआ आयोजन

पालकों ने स्कूल के संचालन एवं गतिविधियों पर जताई प्रसन्नता

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कांसाबेल में विगत दिवस को पालक.शिक्षक. छात्र बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित पालकों से स्कूल में प्रदाय की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। पालकों ने इस अवसर पर स्कूल में शिक्षकए खेल सामग्री सहित अन्य सुविधाओं के लिए मांग रखी। इस अवसर पर एसडीएम कांसाबेल विजय खेस्स, जिला शिक्षा अधिकारी जेके प्रसाद, बीईओ एसके सिंह, स्कूल के प्राचार्य तेजकुमार केरकेट्टा सहित अन्य पालक, शिक्षक व छात्र उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों की भर्ती तथा खेल सामग्री, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स सहित अन्य समस्त शैक्षिक सुविधाएं मई माह के अंत तक उपलब्ध किया जाएगा। अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को आश्वस्त किया गया कि 16 जून से नये शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व विद्यालय में समस्त सुविधाएं उपलब्ध करा दिया जावेगा। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्रओं को बेहतर परिणाम लाने सुझाव दिए। साथ ही पालकों से भी अनुरोध किया कि वे प्रतिदिन बच्चों से स्कूल में हुए गतिविधियों की जानकारी ली।

ट्रक ने मोटरसाइकिल को ठोक 100 मीटर तक घसीटा, 4 गंभीर रूप से घायल

गरियाबंद । रविवार सुबह 9 बजे कोपरा के मुख्य मार्ग में ट्रक और मोटरसाइकिल में जबरदस्त एक्सीडेंट हो गया। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार चारो को गंभीर रूप में चोट आया है।घटना इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक में फंसे मोटरसाइकिल सहित चारो घायलों को 100 मीटर तक घसीटता ले गया।चारो घायलों को 108 से राजिम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात स्थिति गंभीर देखते हुए रायपुर रिफर किया गया। वही घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को 1 किलोमीटर आगे मुख्य मार्ग में ही छोड़कर फरार हो गया। वही इस मामले में थाना में एफआईआर दर्ज नही हो पाया है। जिससे घायलों का नाम सामने नही आ पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह 9 बजे मुख्य मार्ग में चौराहे के पास देवभोग से चावल भरकर नवापारा राजिम जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमई 6674 ने उसी दिशा से ग्राम सरकड़ा से अपने घर महासमुंद नदी मोड़ जा रहे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 के जेड 9867 को अपने चपेट में लेते हुए मोटरसाइकिल सहित उसमे सवार चारो को लगभग 100 मीटर तक घसीटता ले गया और ट्रक को घटना स्थल से 1 किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग में ही छोड़कर चालक फरार हो गया। घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने चारों घायलों को 1 घण्टे बाद पहुंचे 108 में राजिम भेजा गया। जहां चारो घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोटरसाइकिल चला रहे युवक व उसके पत्नी को हाथ पैर सहित सिर में गभीर चोट आया है।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए आज भाजपा का गरियाबंद में जेल भरो आंदोलन

गरियाबंद । भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू एवम जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने बताया कि भूपेश सरकार द्वारा प्रदेश में एक तुगलकी आदेश जारी कर प्रदेश भर के सभी निजी, सार्वजनिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं अन्य संगठनों द्वारा प्रस्तावित सार्वजनिक आयोजनों पर 19 बिंदुओं की शर्त सहित पाबंदी लगा दी है। अघोषित आपातकाल लगाने का कांग्रेस का पुराना इतिहास रहा है,आपातकाल लगाकर उसने हमें जीने के अधिकार से पूर्व में भी वंचित कर दिया था। सत्ता के नशे में चूर बघेल सरकार द्वारा लाये गए इस काले कानून के विरोध में लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद द्वारा 16 मई (सोमवार) को प्रात: 10 बजे से गांधी मैदान गरियाबंद में जेल भरो आंदोलन के माध्यम से उग्र विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

कलेक्टर ने हाईस्कूल 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हाईस्कूल 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जेके प्रसाद, प्राचार्य विनोद गुप्ता, संजीव शर्मा, अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। गौरतलब है कि विगत दिवस छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा 10वीं एवं 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया है। जिसके अंतर्गत 10वीं कक्षा के जारी टॉप टेन लिस्ट में जिले के 5 छात्राओं ने स्थान हासिल किया है। जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कुल जशपुर की कुमारी सौम्या यादव ने चौथा स्थान, कांसाबेल स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कुल की कुमारी साक्षी सिंह कुशवाहा ने चौथा स्थान, संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी की अनिशा एक्का ने नवां स्थान एवं विभा रानी यादव ने दसवां रैंक एवं सरस्वती शिशु मंदिर पत्थलगांव की कुमारी प्रियांशु पाठक ने दसवां स्थान हासिल किया है।

कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए आगे भी ऐसे ही मेहनत करते रहने की समझाईश दी। उन्होंने कहा कि दृढ़ निश्चय एवं कड़ी मेहनत करने से सफलता निश्चय रूप से मिलती है। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन मे निराश न होने की समझाईश दी। कलेक्टर ने बच्चों की जिज्ञासा को शांत करते हुए उन्हें आगे आने वाली प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष सुझाव भी दिए। बच्चों ने भी को अपना परिचय देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद अर्पित किया साथ ही आगे की तैयारियों के लिए कलेक्टर से मार्गदर्शन भी लिया। कलेक्टर अग्रवाल ने छात्राओं को पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय होकर हिस्सा लेने के लिए कहा। जिससे उनका मानसिक एवं शरीरिक विकास होता रहे। उन्होंने छात्राओं के अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी बधाई दी। उन्होंने पालकों से बच्चों की आगे की शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए उनका हमेशा मनोबल बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अभिभावक बच्चों और शिक्षकों की बीच की कड़ी होते है। इसलिए बच्चों की शिक्षा के लिए प्रेरित करने में उनकी भी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने बच्चों को स्कूल की पढ़ाई के साथ साथ घर पर सेल्फ स्टडी करने, विषयों के कांसेप्ट क्लीयर रखने एवं लक्ष्य निर्धारित कर नियमित रूप से अध्ययन करने के लिए कहा। सभी बच्चों को आगे भी अच्छे से मेहनत करने एवं सफलता हासिल कर अपने माता-पिता के साथ ही जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी।

गुरूकुल विद्या आश्रम के हितग्राहियों की रकम लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में 3 गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

ग्राम दर्रीपारा थाना झिलमिली निवासी पुष्पा देवांगन ने लिखित आवेदन दिया कि गुरूकुल विद्या आश्रम के संचालक व कर्मचारी ऋषि नायकए दिग्विजय दास बैरागी, प्रीति बैस व अन्य 10 लोगों द्वारा एनजीओ एक आस कल्याण संस्था सबरी साई वेलफेयर सोसायटी प्रशिक्षणए कम्प्यूटर शिक्षाए, वर्मीवाशए,सिलाई प्रशिक्षण के नाम पर 1850 हितग्राहियों से फर्जी रूप से इनाम का लालच देकर रसीद के माध्यम से 1 करोड 22 लाख 75 हजार रूपये की वसूली कर हितग्राहियों को लाभ से वंचित रखते हुए धोखाधड़ी किया गया। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर थाना सूरजपुर में आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 196/22 धारा 420, 34 भादसं का मामला पंजीबद्ध किया गया। नागरिकों के साथ किए गए धोखाधड़ी के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू ने थाना प्रभारी को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी के मार्गदर्शन में मामले की जांच की जा रही थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर मामले के आरोपी ऋषि नायक, दिग्विजय दास बैरागी, प्रीति बैस को सूरजपुर में घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि हितग्राहियों से नगद पैसा रसीद के माध्यम से प्राप्त कर संस्था के खाते में जमा न करते हुए खुद तथा संस्था के कार्य में खर्च कर देना बताया। आरोपियों के निशानदेही पर 1 नग कम्प्यूटर सेट, 1 नग लेपटाप, 1 कलर प्रिन्टर जप्त कर आरोपी ऋषि नायक पिता घनश्याम लाल नायक, उम्र 26 वर्ष, दिग्विजय दास बैरागी पिता तुलसी दास बैरागी उम्र 36 वर्ष निवासी बुडियाए थाना तमनार, जिला रायगढ़, वर्तमान कृषि मण्डी रोड़ सूरजपुर, प्रीति बैस पति संजय बैस उम्र 41 वर्ष निवासी छिन्दवाड़ा, थाना कुण्डीपुरा, वर्तमान निवासी सूरजपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

मामले में गुरूकुल विद्या आश्रम से दस्तावेज भी जप्त किए गए संस्था का लेखा-जोखा का बारीकी से जांच की जा रही है साथ ही अन्य आरोपियों की पतासाजी में पुलिस टीम लगी हुई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर दीपक पासवान, एएसआई रघुवंश सिंह, प्रधान आरक्षक विवेकानंद सिंह, हरेन्द्र सिंह, अदीप प्रताप सिंह, आरक्षक हरिशंकर सिंह, रावेन्द्र पाल, खेलन सिंह, बृजभुवन व महिला आरक्षक सहोदरा राजवाड़े सक्रिय रहे।

अनिश्चितकालीन हड़ताल का शंखनाद महत्वपूर्ण बैठक में अनियमित कर्मचारी महासंघ ने लिया निर्णय

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के रायगढ़ जिला अध्यक्ष इमरान आलम खान ने बताया कि संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक 14 मार्च 2022 को राजधानी रायपुर में छ ग प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के कार्यालय में संपन्न हुई उक्त बैठक को संबोधित करते हुए गोपाल प्रसाद साहू प्रांतीय संयोजक, अनिल कुमार देवांगन प्रांतीय समन्वय द्वय ने बताया कि छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रांतीयध्जिलाध्विकासखंड पदाधिकारियों एवं विभिन्न अनियमित संघों की बैठक में कांग्रेस सरकार के वादा खिलाफी के कारण अनियमित कर्मचारीयो में आक्रोश व्याप्त है तथा इसी तारतम्य में 3 जून को चेतावनी सभा का आयोजन किया जावेगा जिसके माध्यम से कांग्रेस सरकार को समय सीमा में प्रदेश के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने कार्यवाही करने चेताया जावेगा तथा सरकार द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं करने पर 1 सितम्बर 2022 से पूर्ण कामबंदी के साथ अनिश्चित कालीन आन्दोलन किया जावेगा। रवि गडपाले प्रांतीय अध्यक्ष एवं भगवती शर्मा तिवारी अध्यक्ष महिला विंग छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ ने कहा कि हम सरकार को चेतावनी देने जा रहे है क्योंकि कांग्रेस पार्टी का 10 दिन में नियमितीकरण का वादा जो साढ़े 3 साल में भी पूरा नहीं हुआ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का वादा 1 साल बाद नियमितीकरण करेंगे, जो आज तक पूरा नहीं हुआ। पिछले 3 साल में नियमितीकरण के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट पूरी नहीं हुई है। पिछले 3 साल में सरकार कर्मचारियों का डाटा इकट्ठा नहीं कर पाई है। पिछले तीन विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री द्वारा नियमितीकरण की बात स्वीकार की गई लेकिन वादा आज भी अधूरा है। आउटसोर्सिंग बंद नहीं हुआ। कर्मचारियों को मिलने वाला वेतन वृद्धि रोक दिया गया है। घोषणा पत्र में छटनी नहीं करने का वादा था लेकिन कई विभागों से छटनियां कर दी गई है। 23 और 24 अप्रैल को अनियमित कर्मचारियों के आंदोलन को जिस अमानवीय तरीकों और बर्बरता पूर्वक समाप्त किया गयाए ऐसी सरकार पर हमें धिक्कार है।

उक्त बैठक में प्रमुख रूप से प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ से संजय एडे, महिला बाल विकास बाल संरक्षण, संविदा कर्मचारी से प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिन्हा, मनरेगा से संतोष देवांगन, अतिथि शिक्षक संघ से अजित कोसरिया, तारक, जुनैद खान, कल्याण संघ विद्युत विभाग से अजय राय, राजेश गुप्ता, राहुल वर्मा, आशीष कुमार रात्रे जशपुर सहित 15 संघों के 35 पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपरोक्त बैठक में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा एवं प्रवक्ता विजय झा ने अनियमित कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए उक्त बैठक को संबोधित करते हुए अनियमित कर्मचारियों के आंदोलन का समर्थन करने तथा कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने की बात कही।

रायगढ़ जिला अध्यक्ष इमरान आलम खान ने प्रदेश एवं रायगढ़ जिले के समस्त अनियमित कर्मचारियों से अपील किया है कि आयोजित चेतावनी सभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मुहीम नियमितीकरण में अपनी भूमिका प्रदर्शित करें तथा 1 सितम्बर से पूर्ण कामबंदी के साथ अनिश्चित कालीन आन्दोलन हेतु मानसिक एवं आर्थिक रूप अपने-आप को तैयार रखें।

एक नजर

सांसद गोमती साय ने किया अष्टप्रहरी विष्णु नाम संकीर्तन मंडप का भूमि पूजन

जोहार छत्तीसगढ़-फरसाबहार।

जशपुर जिले के नागलोक विकासखंड मुख्यालय फरसाबहार के तामामुण्डा बोड़ा टोंगरी में अष्टप्रहरी हरे कृष्ण हरे राम महायज्ञ आयोजक समिति तामामुण्डा निवासी एवं विशेष सहयोगी क्षेत्रीय महाकुल समाज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को रायगढ़ लोकसभा सांसद गोमती साय द्वारा अष्टप्रहरी विष्णु नाम संकीर्तन मंडप का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर महाकुल समाज के प्रदेश पदाधिकारी नरेश यादव, महाकुल समाज के जिला अध्यक्ष गणेश यादव, क्षेत्रीय महाकुल समाज अध्यक्ष गोवर्धन यादव, आयोजक समिति के अध्यक्ष लोचन यादव, भाजपा एस टी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष वेद प्रकाश भगत, भाजपा पंडरीपानी मंडल प्रभारी चरित दास, भाजपा पंडरीपानी मंडल अध्यक्ष देवशरण साय, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राधिका पैंकरा, जनपद पंचायत सदस्य कमला पटेल, ग्राम पंचायत पंच दुर्योधन पटेल, आयोजक समिति के उपाध्यक्ष खिरोधर चक्रेश, सचिव पूरन चंद चक्रेश, सहसचिव धनुर्जय चक्रेश, कोषाध्यक्ष छविशंकर यादव, सहकोषाध्यक्ष सत्यनारायण चक्रेश के साथ क्षेत्र के सम्मानित वरिष्ठ संरक्षकगण, महिलाओं की टीम एवं युवाओं की टीम उपस्थित रही। सांसद साय ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान होने से लोगों में संस्कारों का संचार होता है। आसपास विश्व बन्धुत्व की भावना प्रसार होता है। सनातन संस्कृति का विकास होता है। आने वाली पीढ़ी धर्म से जुड़ती है। अपने संस्कारों से परिचित होती है। भगवान विष्णु के अवतारों की जानकारी होती हैं। ऐसे धार्मिक महत्व के कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए। आयोजक समिति की मैं बहुत बहुत सराहना की। साथी ही ऐसे आयोजनों के लिए बधाई दी।

मिशन जीव रक्षा के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा लगाया गया पहला बोर्ड

गरियाबंद । ग्राम मालगांव में स्वयं जीव रक्षा बोर्ड लगाकर पुलिस अधीक्षक जेआर.ठाकुर के द्वारा किया गया शुभारंभ। एसपी द्वारा सड़क दुर्घटना कमी लाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किया जा रहा है, इसी के तहत आज से जिले के समस्त दुर्घटनाजन्य स्थलों में जीव रक्षा बोर्ड लगाए जाएंगे।

सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाये जाने हेतु राष्ट्रीय राजकीय मार्ग मे पड़ने वाले पृथक-पृथक ग्रामो से समाज सेवा की भावना रखने वाले व सड़क दुघर्टना होने पर तत्काल सूचना और मदद करने वाले गुड सेमेरिटनों का नाम एवं मोबाइल नम्बर बोर्ड में अंकित रहेगा। जिसमें संपर्क कर दुर्घटना स्थल पर घायल व्यक्ति का प्राथमिक सहायता एवं उपचार लिया जा सकता है।पूर्व में भी दुघर्टनाओं में कमी लाये जाने हेतु राष्ट्रीय राजकीय मार्ग मे पड़ने वाले पृथक पृथक ग्रामो से समाज सेवा की भावना रखने वाले व सड़क दुघर्टनाओ होने पर तत्काल सूचना व मदद करने वाले गुड सेमेरिटनों की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक आयोजित कर जिला अस्पताल के डॉक्टरों के द्वारा घायलों की सहायता एवं प्राथमिक उपचार के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया था। जिसमें बता गया था कि गुड सेमेरिटनों को सड़क दुघर्टना होने पर तत्काल घटना की सूचना देने व अपने स्तर पर घायल व्यक्तियों का सहायता कर आप भी किसी का जान बचाने में सहयोग कर सकते हैं और आप एक अच्छा समाजसेवी एवं गुड सेमेरिटन बन सकते हैं। जीव रक्षा बोर्ड लगाए जाने के दौरान एसडीएम गरियाबंद विश्वदीप,अनुविभागीय अधिकारी मैनपुर अनुज कुमार,उप पुलिस अधीक्षक सुश्री निशा सिन्हा एवं यातायात के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक ने योजनाओं की समीक्षा

गरियाबंद । रायपुर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ.प्रशांत श्रीवास्तव ने जिला गरियाबंद अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक जिला पंचायत गरियाबंद के सभाकक्ष में ली गई। सी.एम.एच.ओ डॉ एन.आर नवरत्न से मिली जानकारी अनुसार बैठक में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना की समीक्षा की गई वर्तमान में जिले में 128 हाट बाजार संचालित है जिसमें आज तक लगभग 60 हजार 805 मरीजों को लाभान्वित किया गया है। संयुक्त संचालक द्वारा हाट बाजार क्लिनिक के बेहतर क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा रेफर मरीजों के नियमित फालोअप के निर्देश दिये गये है। उक्त के अतिरिक्त मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण ,महामारी नियंत्रण कार्यक्रम,मलेरिया,डेंगु,अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम,टीबी, लेप्रोसी,पीसीपीएनडीटी,नर्सिंग होम एक्ट,डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना,आयुष्मान भारत योजना,गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर सुधार हेतु निर्देश दिये गये। संयुक्त संचालक श्रीवास्तव ने अस्पताल में साफ-सफाई तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने के निर्देश दिये गये। सभी संस्थाओं एवं मितानिन स्तर तक दवाईयों की उपलब्धता एवं संस्था के समस्त उपकरणों के रखरखाव व क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

भाजपा की कबीर चौक शक्तिकेन्द्र अंतर्गत बूथ की बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी वर्ष पर भाजपा कार्यविस्तार अभियान के अंतर्गत कबीर चौक शक्तिकेंद्र में स्थित हीरानगर में बूथ क्रमांक 107 की बैठक संपन्न हुई। जिसमें संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए बूथ स्तर की समिति के गठन पर चर्चा करते हुवे स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ जिले से नियुक्त शक्तिकेन्द्र विस्तारक जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष भाजपा शशिकांत शर्मा, साथ ही शक्तिकेन्द्र सह विस्तार जिला मंत्री भाजयुमो प्रशांत कुमार सिंह एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शैलेश माली के उपस्थिति में बूथ क्रमांक 107 के अध्यक्ष बिहारी पटेल के अध्यक्ष में सम्पन्न हुआ जिसमें बूथ समिति के सचिव, बीएलए के साथ युवा प्रमुख महिला प्रमुख एवं पन्ना प्रमुख को लेकर पार्टी में दिशा निर्देशो को बूथ में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा कर उनके नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। साथ ही समस्त बूथ अंतर्गत भाजपा नेता शिवम आचार्य, दिनानाथ गुप्ता, हेमंत मालाकार, विमल दास महंत,सुनील पटेल, सुरेश जायसवाल, रामकुमार, दिलीप साहू एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा नेताओं के द्वारा बूथ अंतर्गत जनसंपर्क करते हुए बूथ वासियों को केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार रूप से समझाया गया एवं कांग्रेस की नाकामियों को भी गिनाया गया।

शुभम ने किया सरस्वती शिशु मंदिर का नाम रोशन

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के द्वारा हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया।

जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पत्थलगांव का छात्र शुभम ने विज्ञान संकाय गणित विषय में 93: अंक अर्जित कर, पत्थलगांव ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त कर जशपुर जिले को गौरवान्वित किया है। कॉमर्स संकाय से पवन अग्रवाल ने 90.6:अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कृषि संकाय से जतिन शर्मा व रितेश यादव ने 84.4: अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हायर सेकंडरी की परीक्षा में कुल 90 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। 80 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं, 10 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है, परीक्षा का कुल परिणाम 100: है। परीक्षा परिणाम की प्रशंसा की चर्चा नगर में व्याप्त है। सरस्वती शिशु मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता उत्कृष्ट शिक्षा के साथ.साथ बच्चों को संस्कारित करना एकमात्र विद्यालय का लक्ष्य है बच्चों का सर्वांगीण विकास। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम को देख कर विद्यालय समिति के अध्यक्ष सम्मानीय राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल मुरारी लाल अग्रवाल जिला संघचालक विद्यालय समिति के व्यवस्थापक एवं समिति के अन्य सदस्यों ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। राजेंद्र ने कहा यह उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार का मार्गदर्शन, परिश्रम का प्रतिफल है। संस्था प्रमुख संतोष कुमार पाढ़ी ने सभी बच्चो को बधाई दिया।

तेंदूपत्ता खरीदी बंद करने से ग्रामीण नाराज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

वनांचल क्षेत्रों में वन संपदा आय का बहुत बड़ा साधन होता है। महुआ, चार,चिरोंजी, गोंद, तेंदूपत्ता से ग्रामीण अच्छा खासा लाभ अर्जित करते हैं। धरमजयगढ़ वन मण्डल क्षेत्र में भी तेंदूपत्ता बहुत ज्यादा मात्रा में होती है। जिसे बेचकर ग्रामीण बहुत ज्यादा लाभ कमाते हैं। लेकिन इस बार ठेकेदारों के मनमानी से कई फड़ो में खरीदी बंद कर दी गई है। जिससे ग्रामीण नाराज हैं। वहीं इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से कर रहे हैं। कई समितियों में तो मात्र तीन दिन खरीदी किया गया है। जिससे लक्ष्य का आधा भी खरीदी नहीं हो सका है। बता दें कि तेंदूपत्ता संग्रहण के समय कई गांवों में तो शादी विवाह या अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं करते हैं। ताकि ज्यादा से ज्यादा तेंदूपत्ता संग्रहण कर सकें। वर्तमान सरकार द्वारा तेंदूपत्ता के लिए प्रति मानक बोरा 4 हजार रुपये निर्धारित की गई है। वहीं बाद में शासन द्वारा बोनस भी दिया जाता है। जिससे ग्रामीण कड़ी मेहनत कर ज्यादा से ज्यादा तेंदूपत्ता संग्रहण करने की कोशिश करते हैं। लेकिन ठेकेदारों की मनमानी के कारण फड़ बंद कर दिया गया है। जिससे संग्राहक परिवार नाराज हैं।

इस मामले में वन विभाग के अधिकारी का कहना

तेंदूपत्ता खरीदी बन्द होने के बारे में वन विभाग धरमजयगढ़ के अधिकारी सीपी शर्मा से बात की गई तो उनका कहना है कि कई समिति में खरीदी बन्द होने की जानकारी मिली है। जिस पर ठेकेदारों से बात की गई तो उनके द्वारा संग्रहण केंद्र में खराब पत्ता आने की बात कही जा रही है। जिस पर कल संग्रहण केंद्र में निरीक्षण किया जाएगा।

भाजपा नेता विकास केडिया ने 10 वीं 12 वीं के बोर्ड परिक्षाओं में मेरिट में स्थान पाने वालों का किया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

पुसौर हाल ही में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परिक्षाओं के परिणाम जारी किया गया है जिसमें रायगढ़ जिले से 10 वीं के प्रवीण सूची में 17 विद्यार्थियों और 12 वीं के प्रवीण सुची में 04 विद्यार्थियों को स्थान मिले हैं।

इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में आदर्श ग्राम्य भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर में छत्तीसगढ़ के 12 वीं बोर्ड परीक्षा में पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कु. कुन्ती साव, छत्तीसगढ़ में छठवां स्थान प्राप्त करने वाले एकांत प्रधान एवं छत्तीसगढ़ में आठवां स्थान प्राप्त करने वाली कु. नीति पाण्डेय के समान में विद्यालय और नगरवासियों द्वारा सम्मान एवं स्वागत यात्रा निकाली गई थी जिसमें भाजपा नेता विकास केडिया भी शामिल हूए एवं विद्याथियों का सम्मान किया। विकास केडिया ने कहा हर वर्ष की तरफ ही इस वर्ष भी रायगढ़ जिले के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, काबिलियत और बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए फिर से शिक्षा के क्षेत्र में रायगढ़ जिले का नाम पुरे छत्तीसगढ़ में आगे रहा इसके लिए सभी विधार्थी बधाई के पात्र है एइन सभी विद्यार्थियों की वजह से ही रायगढ़ जिला शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है और यहां के विद्यार्थी नीत नये कीर्तिमान बनाते जा रहे हैं। आगे विकास केडिया ने कहा कि प्रावीण सूचि में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों के परिजन बधाई के पात्र है, साथ ही उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई करते समय कड़ी मेहनत करे और अपने अपने परिवार वालों का सपना साकार करे और उज्जवल भविष्य की ओर आगे बड़े आज के इस सम्मान समारोह में भाजपा नेता विकास केडिया के साथ पुर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष शशांक पाण्डेय, भाजपा अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शशिभूषण चौहान, भाजयुमो पूसौर मंडल महामंत्री अविनाश गुप्ता, नगर भाजयुमो उपाध्यक्ष अंकूर गोरख, भाजयुमो पूसौर मंडल मिडिया प्रभारी रोहन साव सहित स्कूल के शिक्षकगण, छात्रगण, नगरवासी और भाजपा व भाजयुमो के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in